

तिथि-बैशाख, कृष्ण, चतुर्थी

सोना - 98,085

शेयर मार्केट- 78,553

चांदी- 1,00,00

निफ्टी- 23,851

अधिकतम -38 °c
न्यूनतम -27 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित


# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-144 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, शुक्रवार 18 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

## राष्ट्रपति को निर्देश देना असंवैधानिक : धनखड़



- उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की भूमिका पर उठाए सवाल

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत सुप्रीम कोर्ट को केवल संविधान की व्याख्या करने का अधिकार है और वह भी कम से कम पांच जजों की पीठ द्वारा।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, हम ऐसी स्थिति नहीं ला सकते, जहां राष्ट्रपति को निर्देश दिया जाए। संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट का अधिकार केवल अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। उन्होंने कहा कि जब यह अनुच्छेद बनाया गया था, तब सुप्रीम कोर्ट में केवल आठ जज थे और अब 30 से अधिक हैं। हालांकि, आज भी पांच जजों की पीठ ही संविधान की व्याख्या करती है। उपराष्ट्रपति ने पूछा कि क्या यह न्यायसंगत है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि राष्ट्रपति को कोर्ट द्वारा निर्देशित किया जाएगा। राष्ट्रपति भारत की सेना की सर्वोच्च कमांडर हैं और केवल वही संविधान की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा की शपथ लेते हैं। फिर उन्हें एक निश्चित समय में निर्णय लेने का आदेश कैसे दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, हाल ही में जजों ने राष्ट्रपति को लगभग आदेश दे दिया और उसे कानून की तरह माना गया, जबकि वे संविधान की ताकत को भूल गए। अनुच्छेद 142 अब लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ एक 'न्यूक्लियर मिसाइल' बन गया है, जो चौबीसों घंटे न्यायपालिका के पास उपलब्ध है। धनखड़ ने 'बेसिक स्ट्रक्चर' सिद्धांत को लेकर भी पूर्व न्यायाधीशों पर निशाना साधा। उन्होंने एक पूर्व जज द्वारा लिखित पुस्तक के विमोचन समारोह का जिक्र किया, जिसमें इस सिद्धांत की प्रशंसा की गई थी। उन्होंने कहा, केशवानंद भारती केस में 13 जजों की पीठ थी और फैसला 7 अनुपात 6 से हुआ था। इसे अब हमारी रक्षा का आधार बताया जा रहा है, लेकिन उसी के दो साल बाद 1975 में आपातकाल लगाया गया। लाखों लोगों को जेल में डाला गया और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपातकाल के (शेष पृष्ठ 7 पर)

# दाऊदी बोहरा समुदाय ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## नये वक्फ कानून को बताया ऐतिहासिक कदम



- दाऊदी बोहरा समुदाय ने प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नए वक्फ कानून को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। साथ ही इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है।

दाऊदी बोहरा समुदाय ने प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के विजन पर भी विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे इस सोच के साथ खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। बता दें कि दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल की पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे।

सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री ने बोहरा समुदाय के प्रतिनिधियों से विस्तार से बातचीत की और उनकी बातों को ध्यान से सुना। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार सभी समुदायों के विकास और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह मुलाकात सरकार और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच मजबूत रिश्ते का संकेत देती है। बोहरा सुमदाय के प्रतिनिधियों ने आगे नए वक्फ कानून की खासियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा (शेष पृष्ठ 7 पर)

### यमुना की सफाई पर पीएम मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग, रोडमैप तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना की सफाई पर पीएम मोदी ने गुरुवार को हाई लेवल मीटिंग की। बैठक में यमुना पुनरुद्धार पर चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जन भागीदारी और अत्यधिक प्रदूषित नदी के पुनर्जीवन के लिए तात्कालिक आंकड़ों के इस्तेमाल और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे उपायों पर भी बातचीत हुई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई अधिकारी शामिल हुए। बैठक में यमुना की सफाई के लिए तीन चरणों में रोडमैप पर चर्चा की गई। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि छठ पूजा का त्योहार मनाते समय दिल्ली के लोगों के अनुभव में सुधार होना चाहिए। उन्होंने नदी के प्रति सम्मान पैदा करने और इसे यमुना के किनारे बसे शहरों में रहने वाले लोगों के जीवन का हिस्सा बनाने के लिए लोगों और नदी के बीच संबंध बनाने की जरूरत पर जोर दिया। सीएमओ दिल्ली की ओर से बताया गया कि बैठक में तीन चरणों में यमुना नदी की (शेष पृष्ठ 7 पर)

## वक्फ कानून : कोर्ट ने केंद्र को 7 दिन का दिया समय

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वक्फ कानून में हाल में किए गए संशोधनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को दूसरे दिन सुनवाई जारी रही। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बेंच ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन की मोहलत दी है।

सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया कि इस दौरान डिनोटिफिकेशन या नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। अगली सुनवाई 5 मई को होगी। वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश जारी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया 7 दिन का समयसरकार के जवाब तक यथास्थिति बनी रहेगी। वक्फ संशोधन कानून बोर्ड, परिषद में कोई नियुक्ति नहीं होगीडिनोटिफिकेशन और नई नियुक्तियों पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून को लेकर 5 मई को अगली सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि यह मुद्दा ऐसा नहीं है कि कोई सेक्शन देखकर उस पर फैसला किया जाए। इसके लिए पूरे कानून और इतिहास को भी देखना होगा। कई लाख सुझावों पर गौर करके यह कानून पारित हुआ था। उन्होंने कहा कि यदि अदालत कोई आदेश जारी करती है तो उसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद सीजेआई ने कहा कि अदालत चाहती है कि कोई भी पक्ष प्रभावित न हो।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर आप वक्फ बाय यूजर को लेकर भी कुछ कहना चाहते हैं, तो उसके लिए हमारा पक्ष सुने। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह तक वक्फ बोर्ड में कोई भी नियुक्ति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि क्या वह आश्वासन दे सकते हैं कि 1995 के वक्फ कानून के तहत रजिस्टर्ड वक्फ प्रॉपर्टी को डिनोटिफाई नहीं करेंगे? सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को इसका भी भरोसा दिलाया। अंतरिम आदेश में शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 5 मई तय करते हुए कहा कि सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि केंद्र सरकार सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करना चाहती है। वह अदालत को आश्वासन देते हैं कि वक्फ कानून (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पहले यूपी के शहर भी मुर्शिदाबाद की तरह दंगों की आग में जलते थे : योगी





चर्चित राजनीति। ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद और बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर प्रदेश में भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफियावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने योजनाओं में घोटाले कर लंदन में होटल बनाए, वही लोग प्रदेश को लूटने और जातियों में बांटने के लिए जिम्मेदार हैं। मुर्शिदाबाद की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष की चुप्पी पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग, जिन्होंने भ्रष्टाचार, जातिवाद, माफियावाद और परिवारवाद से अपना साम्राज्य खड़ा किया, वही लोग अब मुर्शिदाबाद जैसे मामलों पर मौन हैं।

बांग्लादेश की घटनाओं पर इनकी चुप्पी ने इन्हें चौराहे पर नंगा खड़ा कर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने यूपी को दंगा और माफिया मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में माफिया पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करते थे, ठेके लेते थे, दंगे करवाते थे और महिलाओं व व्यापारियों को परेशान करते थे। लोग त्योहारों पर सशंकित रहते थे। अब यूपी में त्योहार शांतिपूर्ण और भव्यता के साथ मनाए जाते हैं। जो हाल आज मुर्शिदाबाद का है, वही कभी यूपी में मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों का हुआ करते थे। (शेष पृष्ठ 7 पर)

### जनता दर्शन में योगी ने सुनीं समस्यायें

**लखनऊ, चर्चित ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 125 से अधिक पीड़ितों से 'जनता दरबार' के तहत मुलाकात की और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। एक बयान के मुताबिक, जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामलों को लेकर प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को दिए गए। उन्होंने आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। (शेष पृष्ठ 7 पर)

### एयरो इंजन का निर्माण अभी भी एक चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि भारत की बढ़ती रक्षा क्षमताएं किसी संघर्ष को भड़काने के लिए नहीं हैं। बल्कि यह देश की सुरक्षा के लिए विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता बनाती हैं। ताकि शांति और समरसता बनी रहे। शांति तभी स्थापित रह सकती है, जब हम बेहद ताकतवर हों।

उन्होंने कहा कि अब विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने की दिशा में एयरो इंजन का निर्माण अभी भी एक चुनौती बना हुआ है। घातक युद्धक विमानों में लगने वाले जेट इंजनों के निर्माण के लिए कावेरी इंजन परियोजना में देरी हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को 'डिफेंस कानक्लेव 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि कावेरी इंजन परियोजना के लिए वैश्विक कंपनियों जैसे-साफरान, जीई व रॉल्स रॉयस से इसके घरेलू निर्माण ईकाई के लिए बातचीत चल रही है। कावेरी परियोजना के जरिये भारत के युद्धक विमानों के लिए स्वदेशी जेट इंजन बनाने की योजना है। लेकिन सरकार अभी तक इसे मूर्तरूप नहीं दे पाई है। उन्होंने भारत की बढ़ती रक्षा क्षमताओं पर कहा कि मिसाइल तकनीक (अग्नि, ब्राह्मोस मिसाइलें), पनडुब्बी (आइएनएस अरिहंत), (शेष पृष्ठ 7 पर)

## आंधी, बारिश से 10 की मौत



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**अयोध्या।** यूपी में अवध क्षेत्र में बृहस्पतिवार की शाम अचानक बिगड़े मौसम ने कहर बरपाया। तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों के लिए परेशानी खड़ी कर दी। वहीं बाराबंकी में टिन शेड, दीवार और पेड़ गिरने से चपेट में आए पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अयोध्या में भी अलग-अलग हादसों में पांच महिलाओं ने दम तोड़ दिया। इस दौरान तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। पेड़ गिरने से अयोध्या लखनऊ हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया। कई स्थानों पर पोल गिरने से बिजली गुल हो गई। गेहूं और आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

बाराबंकी के नवाबपुर कोड़री गांव में विष्णुलाल की पत्नी फूलमती (40), उनका बेटा राहुल (22) और देवर वासुदेव का बेटा ध्रुव (6) खेत में मेंथा की सिंचाई करने गए थे। शाम को आंधी आने पर तीनों गांव के बाहर बने स्कूल परिसर में टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इस दौरान टीन शेड पिलर समेत ढह गया, जिसके नीचे दबकर फूलमती और ध्रुव की मौत हो गई।

राहुल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। असंद्रा क्षेत्र के कचार मजरे हकामी निवासी मुन्नालाल की पुत्री ज्योति (12) व राजू यादव का पुत्र शिवम (13) अपने भाई सौरभ, सुमित गांव की राधा, हरिओम के साथ बकरी चराने गए थे। तेज आंधी के दौरान सभी बच्चे बकरियों को लेकर पास में ही बंद पड़े मुर्गी फॉर्म में चले गए। आंधी के दौरानमुर्गी फॉर्म का टिनशेड व दीवार गिर गई। इसमें बच्चों के साथ बकरियां दब गई। ग्रामीणों व परिजन आनन-फानन सभी को सीएचसी बनीकोडर लेकर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### 'कश्मीर पर अब सिर्फ तुम्हारा 'इविजट' बाकी है'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की हम इसे नहीं भूलेंगे चेतावनी पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गुरुवार को नई दिल्ली ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान से वैध रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों को सौंपने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कोई विदेशी चीज कैसे गले में अटक सकती है? यह भारत का केंद्र शासित प्रदेश है। इसका पाकिस्तान के साथ एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों को खाली करना है। विदेश में पाकिस्तानियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने इससे पहले जम्मू-कश्मीर पर अपने देश के दीर्घकालिक दावे को दोहराया था, साथ ही उन्होंने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का बचाव किया था, जिसके कारण 1947 में पाकिस्तान का जन्म हुआ था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी पाकिस्तान को जवाब देते हुए कहा कि अपने हालिया संबोधन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने स्पष्ट रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच गहरी वैचारिक खाई पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा (शेष पृष्ठ 7 पर)

### मेरठ में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

**मेरठ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की मेरठ पुलिस ने गुरुवार को एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया। मामला अकबरपुर सादात गांव में एक युवक अमित मिक्की की संदिग्ध मौत से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार पत्नी ने अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या की। पुलिस ने रविता और अमरदीप को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। एसपी राकेश मिश्रा ने बताया कि अमित की हत्या की साजिश रविता और अमरदीप ने एक हफ्ते पहले रची थी। घटना वाली (12 अप्रैल) रात रविता अपने पति अमित के साथ शाकुंभरी गई थी। लौटते समय उसने प्रेमी अमरदीप को फोन कर सांप की व्यवस्था करने को कहा। रात में अमरदीप (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सोनिया और राहुल गांधी आधुनिक डकैत : पात्रा

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले को 'जबरदस्त डकैती' करार देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता संबित पात्रा ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को 'आधुनिक डकैत' कहा। प्रवर्तन निदेशालय ने इस सप्ताह मामले में आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल है।

पात्रा ने कहा कि क्या कोई राजनीतिक कंपनी किसी दूसरी संस्था को पैसा उधार दे सकती है? कांग्रेस पार्टी, जो चंदे पर निर्भर है, उसने बैंक की तरह यंग इंडियन और AJL (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) को कैसे पैसा उधार दिया? पात्रा ने कहा कि मैं आपसे अपील करता हूं कि आज से इस मामले को चोरी या भ्रष्टाचार मत कहिए, ये खुली डकैती है। राहुल गांधी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जलवायु संकट पर इन्तजार की सीमा समाप्त, अब कार्रवाई अनिवार्य : डा. राजेश्वर सिंह

# पर्यावरणीय चिंताएं आज की कठोर वास्तविकता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** 'जलवायु परिवर्तन कोई दूर का खतरा नहीं, बल्कि डेडलाइन पर पहुँच चुका है।'

सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बढ़ते जलवायु संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए एक वैश्विक चेतावनी को रेखांकित किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विधायक ने पोस्ट कर बढ़ते वैश्विक तापमान पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने जलवायु संकट की तात्कालिकता और इसके समाधान के लिए ठोस कदमों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सिंह ने बताया कि 2024 भारत का सबसे गर्म वर्ष रहा, जिसमें औसत वार्षिक तापमान 25.75 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसने 2016 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 1991-2020 के औसत की तुलना में 2024 में तापमान विसंगति 0.65 डिग्री सेल्सियस थी, जबकि 2016 में यह 0.54 डिग्री सेल्सियस थी। विशेष रूप से, अक्टूबर 2024 पिछले 123 वर्षों में सबसे गर्म अक्टूबर साबित हुआ।

वैश्विक स्तर पर भी 2024 ने रिकॉर्ड तोड़ा, जब तापमान ने पहली बार पेरिस समझौते की 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार किया। ये आंकड़े केवल संख्याएँ नहीं, बल्कि एक वैश्विक रेड अलर्ट हैं। पिघलते ग्लेशियर, फसल चक्रों का बिगड़ना,



जल स्तर का गिरना, विनाशकारी जंगल की आग और जलवायु प्रवास अब भविष्य की चिंताएँ नहीं, बल्कि आज की कठोर वास्तविकताएँ हैं। डॉ. सिंह ने इस संकट को केवल चिंता से नहीं, बल्कि स्मार्ट और व्यवस्थित कार्रवाई से निपटने का आह्वान किया। डॉ. सिंह का अहम उपायों पर जोर-सोलर रूफटॉप, स्मार्ट ग्रिड और हरित इमारतों को बढ़ावा देना , पूर्ण नियोजित शहर, सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देना,टिकाऊ कृषि और सटीक सिंचाई तकनीकों को प्रोत्साहन देना, स्कूली पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षण में पर्यावरण साक्षरता को शामिल करना, औद्योगिकी अपशिष्ट कम करने के लिए परिपत्र अर्थव्यवस्था मॉडल अपनाना, वर्षा जल संचयन, ग्रेवाटर रीसाइक्लिंग और वाटरशेड बहाली के माध्यम से जल-सुरक्षित भविष्य को बढ़ावा देना, एआई-संचालित जलवायु पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में निवेश करना, समुदाय और कॉर्पोरेट स्तरों पर शून्य-अपशिष्ट नीतियों को लागू करना, अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कूटनीति और कार्बन ट्रेडिंग ढांचे को मजबूत करना , स्थानीय जलवायु नवाचारों और हरित उद्यमिता को समर्थन देना व वनों, आर्द्रभूमि और जैव विविधता गलियारों को प्राकृतिक जलवायु बफर के रूप में संरक्षित करना। डॉ. राजेश्वर सिंह ने चेतावनी भरे अंदाज में अपनी बात समाप्त करते हुए लिखा, यह दशक अगली सदी का भविष्य तय करेगा। घड़ी अब टिक नहीं रही, वह गरज रही है। उन्होंने समाज (शेष पृष्ठ 7 पर)

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ भाकपा का प्रदर्शन, राज्यपाल को ज्ञापन



- डबल इंजन की सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को बेचकर खा रही कमीशन : सुमन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। डबल इंजन सरकार हिंदू हिंदू चिल्लाती है लेकिन जब हिंदुओं के आर्थिक उत्थान का मामला आता है तब समान कार्य के लिए समान वेतन का सिद्धांत भूलकर बिजली कर्मचारियों को छह- छह हजार रुपए मासिक वेतन देती है और वह भी दो-दो महीने भुगतान नहीं करते हैं। विद्युत विभाग का निजीकरण अविलंब बंद करें तथा समान कार्य के लिए समान वेतन दें।आज पूरे प्रदेश में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदर्शन कर राजपाल को ज्ञापन सौंपा है कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण अविलंब रोका जाये तथा निविदा कर्मचारियों को समान् कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। भाकपा के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि डबल इंजन की सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को बेचकर कमीशन खा रही है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला बाराबंकी के सचिव बृजमोहन वर्मा ने डीएम के मार्फत राजपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों में विनय कुमार सिंह अध्यक्ष किसान सभा,प्रवीण कुमार सदस्यराज्य परिषद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शिवदर्शन वर्मा रामनरेशवर्मा जितेंद्र श्रीवास्तव, श्याम सिंह अंकुल,वर्मा रूबी सिंह चंदेल अलाउद्दीन निशांत मिश्रा, कमलेश,अंकित,लाल जी वर्मा ,विशाल। वर्मा,मुकेश कुमार शर्मा, गंगाराम, रामप्रकाश, रामनरेश, प्रदीप चौहान, अशोककुमार, पवन कुमार, कुलदीप चौहान, धीरेंद्र प्रताप सिंह, मदन चंद्र, दिनेश सिंह, अमित सिंह, नंदकुमार, गंगाराम,अनुज द्विवेदी, अमरजीत सिंह, अभिषेक वर्मा, दुष्यंत सिंह,संतराम सत्येंद्र वर्मा,करुणा शंकर, आत्माशंकर, गौरव मिश्रा, सागर, नवीन,आशीष,अमरेश सावन, सरबजीत, रंजीत, रोहित,पवन यादव, रवि यादव,रवि चंद वर्मा, शिवेंद्र, रंजीत वर्मा, आशीष यादव, सतनील वर्मा, सौरभ जयसवाल, अविनाश पटेल,पवन यादव,शिवेंद्र प्रमुख लोग शामिल थे।

# लोकबंधु में आग लगने के तीसरे दिन पहुंची जांच टीम, 5 सदस्यीय पैनल ने लिया जायजा

चर्चित राजनीति। संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ के लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में गुरुवार को डीजी मेडिकल हेल्थ की अगुआई में पांच सदस्यीय जांच टीम पहुंची। अस्पताल के तीसरे फ्लोर पर स्थिति का जायजा लिया। इसी फ्लोर पर सोमवार देर शाम भीषण आग लगी थी, जिसके चलते अस्पताल में भर्ती 237 मरीजों को बाहर निकालना पड़ा था। इनमें से एक बुजुर्ग मरीज की मौत हुई थी।

दूसरे दिन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इसकी अगुआई महानिदेशक मेडिकल हेल्थ कर रहे हैं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पांच टीम लोकबंधु अस्पताल पहुंची। टीम ने सबसे पहले तीसरे फ्लोर पर गई। घटना के बाद से ये फ्लोर पूरी तरह से सील कर दिया गया था। यहां किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। आज से प्रशासनिक अफसर भी इसी फ्लोर में बने अपने कक्षों में बैठने लगे। लोकबंधु के चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि डीजी मेडिकल हेल्थ की अगुआई में जांच टीम ने आज अस्पताल का दौरा किया। आग की चपेट में आने वाले सभी स्थलों को देखा है। टीम ने सभी साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया। करीब डेढ़ घंटे तक अस्पताल परिसर में रहने के बाद टीम रवाना हुई। आईसीयू वॉर्ड को छोड़कर सभी सेवाएं फिर से शुरू हो गई। डॉ.अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मरीजों को हर तरह की सुविधा फिर से मुहैया कराने फोकस है। गुरुवार से मरीजों के लिए सभी सेवाएं फिर शुरू कर दी गई हैं। सिर्फ आईसीयू वार्ड की सुविधा अभी नहीं शुरू हुई है। सिटी स्कैन और एक्स-रे गुरुवार से फिर से होने लगे। पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड जैसी जांच भी सभी जरूरतमंद मरीज को मुहैया कराई जा रही। ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं भी पहले की तरह चल रही हैं। डॉ.त्रिपाठी ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर भी आज से शुरू हो गए। जिन मरीजों के ऑपरेशन इस दौरान टाले गए थे, उनके ऑपरेशन भी बिना देर किए, बहुत जल्द किए जाएंगे। अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा भी है, ऐसे में मरीजों को कहीं कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी।

# गुमावां में अमेठी सांसद केएल शर्मा का हुआ जोरदार स्वागत



- 2027 के चुनाव को लेकर केएल शर्मा ने कांग्रेसियों में भरी ऊर्जा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के गुमावां लाही बॉर्डर चौराहे पर अमेठी सांसद के.एल.शर्मा का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया गया। जहां करीब आधा घण्टे तक रुके श्री शर्मा ने कांग्रेसियों से उनका हाल जाना। गौरतलब हो कि सांसद केएल शर्मा हैदरगढ़-महाराजगंज हाईवे से गुजर रहे थे। तभी गुमावां में कांग्रेसियों ने उन्हें रोककर स्वागत किया। जिसके पश्चात

श्री शर्मा ने कांग्रेसियों के साथ बैठक कर हालचाल जाना एवं क्षेत्र में सांसद नीचे कराए गये विकास कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने कांग्रेसियों में ऊर्जा भरते हुए कहाकि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से लग जाएं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है, अपराधों का ग्राफ तेजी से आगे बढ़ रहा है जिससे जनता त्रस्त है। भाजपा सरकार में विकास के नाम पर सिर्फ ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रदेश की जनता छलावी वादों और दावों को अच्छी तरह समझ चुकी है। सरकार जाति- मजहब के नाम पर जनता को आपस में लडवाकर देश को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने और जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही है, अब जनता किसी झांसे में आने वाली नहीं है। इस मौके पर पंकज तिवारी, अविनाश शुक्ला, गौरव मिश्रा, चंद्र मोहन दीक्षित, विवेकानन्द चौरसिया, बृजेश बाजपेई, रामकुमार शुक्ला, लाला यादव, रामसुख लोधी, विपिन मिश्रा, रामकिशोर मौर्य, अशोक यादव, रामबरन लोधी, राम प्रकट यादव आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे लाइन किनारे बैठकर पी शराब फिर ट्रेन के आगे लगाई युवक ने छलांग

लखनऊ, चसं। बीकेटी थाना अंतर्गत स्थित टिकारी रेलवे क्रासिंग के पास गुरुवार सुबह 21 वर्षीय गौरव रावत ने पटरी किनारे बैठकर शराब पी, नमकीन खाया। इसके बाद ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। गौरव की बाइक भी पास ही में खड़ी मिली। छानबीन में सामने आया कि युवक रात में भाइयों से झगड़ा कर घर से निकला था। घरवालों ने किसी पर कोई भी आरोप नहीं लगाया है। वहीं, बाना रेलवे क्रासिंग में भी ट्रेन से कटकर 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। देवरी रुखारा गांव निवासी गौरव रावत का गुरुवार सुबह टिकारी क्रासिंग पर पटरी के बीच क्षतविक्षत शव पड़ा मिला। घटना से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मृतक के पास से मिले दस्तावेजों से परिजन को सूचना दी। जिसके बाद परिवारवालों ने मौके पर पहुंचकर गौरव की पहचान की। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि गौरव तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बुधवार रात गौरव का भाइयों से झगड़ा हुआ था। उसके बाद वह बाइक लेकर घर से निकल गया था। परिजन ने कॉल मिलाई तो मोबाइल स्विच आफमिला था। घर से गुस्से में निकले गौरव ने टिकारी पहुंचकर बाइक खड़ी की। फिर शराब पी, नमकीन खाई। मौके पर शराब का खाली पाउच, नमकीन और ग्लास मिले हैं। पास में ही बाइक खड़ी मिली है। इसके बाद उसने गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घरवालों का कहना है कि अगले माह गौरव की शादी होनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। उधर, बाना रेलवे क्रासिंग इंटेश्वर हनुमान मंदिर के पास सुबह 9 बजे 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# ट्रैक पर मिला छात्रा का शव, 10 दिन पहले हॉस्टल से लौटी थी, घर से 3 किमी दूर मिली लाश

अमेठी, चसं। जिले में एक 16 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। जायस कोतवाली क्षेत्र के नकदय्यापुर रेलवे फाटक पर छात्रा लक्ष्मी का शव मिला। वह पंडित दीनदयाल राजकीय आवासीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज की कक्षा 10 की छात्रा थी। लक्ष्मी अपने घर से करीब 3 किलोमीटर दूर रेलवे क्रॉसिंग पर क्षत-विक्षत हालत में मिली। वह दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसके बड़े भाई सुरजीत और सुमित दिल्ली में काम करते हैं। छोटी बहन अर्चना गांव में रहती है। मृतका 10 दिन पहले ही छात्रावास से घर आई थी। तब से वह गुमसुम रहती थी। घटना से दो दिन पहले उसके पिता पत्नी के साथ ससुराल गए थे। घर पर लक्ष्मी, अंजलि और उसकी भाभी थीं। गुरुवार की सुबह भाभी ने फोन कर बताया कि लक्ष्मी घर पर नहीं है। बनी रेलवे स्टेशन से मिले मेमो के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्यवाहक कोतवाल शस्त्रजीत प्रसाद ने बताया कि घटना की हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# आवासीय क्षेत्र में घायल मिला हिरण, कुत्तों के हमले से जख्मी जानवर का इलाज शुरू

अमेठी, चसं। जामो थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव में आज सुबह एक अजीब घटना सामने आई। कुत्तों के हमले से घायल एक हिरण रिहायशी इलाके में पहुंच गया। हिरण को सबसे पहले गांव निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह के घर के पास देखा गया। घायल हिरण को देखते ही गांव में हलचल मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन दरोगा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने हिरण के इलाज के लिए पशु विभाग को भी सूचना दी। पशु विभाग की टीम तत्काल गांव के लिए रवाना हो गई। वन दरोगा ने बताया कि पशु चिकित्सक घायल हिरण का इलाज करेंगे। हिरण की स्थिति के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर हिरण की स्थिति में सुधार होता है, तो उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। यदि स्थिति गंभीर रही तो उसे वन विभाग की देखरेख में रखा जाएगा। फिलहाल वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# कंबाइन मशीन पलटने से चालक समेत 3 लोग घायल, सभी खतरे से बाहर

अमेठी, चसं। आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पूरे प्रेम शाह गांव में गेहूं की कटाई के दौरान कंबाइन मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। इनमें कंबाइन मशीन का चालक प्रेमराज (30 वर्ष), अंबुज यादव (18 वर्ष) और शिवम यादव शामिल हैं। प्रेमराज शाहजहांपुर का रहने वाला है। अंबुज यादव निजामुद्दीनपुर और शिवम यादव पूरे टिकरा बैजनाथ के निवासी हैं। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत मदद के लिए आगे आए। उन्होंने घायलों को निजी वाहन से मुसाफिरखाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वर्तमान में सभी घायलों का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार तीनों की स्थिति स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

# डॉक्टर को अश्लील वीडियो भेजकर महिला कर रही ब्लैकमेल

लखनऊ, चसं। महानगर इलाके में रहने वाले डॉक्टर की फेक अश्लील वीडियो बनाकर महिला ने लाखों रुपये वसूले। जब रुपये देने से मना कर दिया तो वीडियो वायरल करने की धमकी दी। समझौते के लिए पीजीआई इलाके के होटल शिवम इंटरनेशनल होटल में बुलाया। वहां अपने साथ वीडियो बनाई और धमकी देते हुए रुपये की मांग की। महिला की हरकतों से परेशान डॉक्टर ने पूरी जानकारी पत्नी को दी। पत्नी ने पीजीआई थाने में महिला के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महानगर इलाके के एक नामी अपार्टमेंट में रहने वाली डॉक्टर दंपति को महिला परेशान कर रही है। महिला डॉक्टर के मुताबिक पूजा पांडेय नाम की महिला सोशल मीडिया के माध्यम से उनके पति के संपर्क में आई। वह शुरूआती दौर में मैसेज भेजती थी। जिसे पति-पत्नी ने सामान्य रुप में लिया। एक महिला ने पति के मोबाइल पर वीडियो कॉल किया। काफी देर तक बातचीत की। इसी दौरान उसे पति की न्यूड वीडियो बना ली। इसके बाद दूसरे नंबर से मैसेज कर वीडियो वायरल करने, पत्नी व परिचितों को भेजने धमकी देने लगी। डॉक्टर ने वीडियो डिलिट करने को कहा तो रुपये मांगे। पति से यूपीआई और गूगल-पे के माध्यम से लाखों रुपये वसूले। पर, वीडियो डिलिट नहीं किया। महिला चिकित्सक ने बताया कि समझौत के लिए पूजा ने उसके पति को पीजीआई इलाके के होटल शिवम इंटरनेशनल में बुलाया।

# खर्राटे, दिन में अत्यधिक नींद और थकान को न करें नजरंदाज



चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। मेदांता अस्पताल, लखनऊ ने नींद से संबंधित विकारों के संपूर्ण और समग्र प्रबंधन हेतु डिविजन ऑफ स्लीप मेडिसिन की शुरुआत की है। यह भारत के अग्रणी निजी अस्पतालों में से एक है जहाँ पर नींद विकारों के निदान, मूल्यांकन और उपचार के लिए एक पूर्णकालिक डिविजन की स्थापना की गई है।

इस डिविजन में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया सहित सभी प्रकार के नींद विकारों का एकीकृत समाधान विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया एक आम लेकिन अक्सर अनदेखा किया जाने वाला विकार है, जिसमें नींद के दौरान बार-बार सांस रुकती है। इसके लक्षणों में जोरदार खर्राटे, दिन में अत्यधिक नींद, थकान, सुबह सिरदर्द और एकाग्रता में कमी शामिल हैं। मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बतायारू डिविजन ऑफस्लीप मेडिसिन के अंतर्गत स्थापित हमारी अत्याधुनिक स्लीप लैब देश की अग्रणी सुविधाओं में से एक है। यहाँ लेवल-1 पॉलीसोमनोग्राफी (नींद का संपूर्ण अध्ययन) की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें हाई-रेजोल्यूशन मॉनिटरिंग, मल्टी-चौनल डेटा रिकॉर्डिंग, और ऑटोमैटिक एनालिसिस सिस्टम्स की सहायता से मरीज की नींद से संबंधित हर पहलू का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाता है। हमारी स्लीप लैब को मरीजों की सुविधा के लिए ऐसे वातावरण में डिजाइन किया गया है, जिससे वे आरामदायक नींद ले सकें। इसके अलावा, डाटा एनालिसिस के लिए हमारे पास प्रशिक्षित टेक्नोलॉजिस्ट्स और स्लीप फिजिशियन्स की टीम है, जो प्रत्येक रिपोर्ट का गहन मूल्यांकन करती है। इसके आधार पर हमारी विशेषज्ञ टीम मिलकर निदान और उपचार की योजना बनाती है। डॉ. अभिषेक टंडन, स्लीप विशेषज्ञ एवं पल्मोनोलॉजिस्ट ने बताया, यदि किसी व्यक्ति को जोरदार खर्राटे आते हैं, नींद के दौरान सांस रुकती है, दिन भर उनींदापन रहता है, या सुबह उठकर थकान महसूस होती है दृ तो उसे स्लीप डिविजन में आकर जांच करानी चाहिए। ये ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया के क्लासिक लक्षण हैं। डॉ. विपुल प्रकाश, स्लीप विशेषज्ञ एवं पल्मोनोलॉजिस्ट ने कहा, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया के इलाज के लिए हमारे पास सीपीएपी थैरेपी, वजन प्रबंधन, जीवनशैली में बदलाव, सर्जिकल विकल्प और ओरल एप्लायंसेज जैसी कई आधुनिक व व्यक्तिगत उपचार विधियाँ मौजूद हैं। इस डिविजन में विभिन्न विशेषज्ञों की सहभागिता है दृ हृदय संबंधी नींद विकारों के लिए डॉ. महिम सरन, मेटाबॉलिक स्लीप डिसऑर्डर्स के लिए डॉ. वैभव पाठक, व्यवहारिक नींद विकारों के लिए डॉ. शांतनु भारती, न्यूरोलॉजिकल नींद विकारों के लिए डॉ. विभोर उपाध्याय, और सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले स्लीप डिसऑर्डर्स के लिए डॉ. मनोज मिश्रा एवं डॉ. कनिका अरोरा की विशेषज्ञता इसमें शामिल है। डॉ. दिलीप दुबे, निदेशक, रेस्पिरेटरी एवं स्लीप मेडिसिन विभाग ने कहा, मेदांता का यह डिविजन ऑफस्लीप मेडिसिन एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ मरीजों को हर पहलू से समग्र मूल्यांकन और विशेषज्ञ सलाह एक ही छत के नीचे मिलती है-यह हमारी पेशेंट-सेंट्रिक केयर की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। मेदांता की स्लीप क्लिनिक हर शुक्रवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक उपलब्ध है।

# धूल भरी आंधी आई शहर के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी, बादल छाए

लखनऊ, चसं। राजधानी लखनऊ में शाम पांच बजे मौसम अचानक बदल गया। धूल भरी तेज हवा चलने लगी। शहर के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। दिन में कई बार बादलों की आवाजाही भी देखने को मिली। पूर्वी हवा ने सुबह और शाम को लोगों को गर्मी से राहत दी। गुरुवार तड़के न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वी हवाओं के असर से बादलों की आवाजाही बढ़ी है। इसके चलते सुबह और शाम के समय गर्मी से राहत मिल रही है। 18 जिलों में वार्म नाइट जैसे स्थिति बन सकती है। इसमें पश्चिमी यूपी, बुंदेलखंड के आसपास के जिले शामिल हैं। पूर्वी यूपी के 10 जिलों में एक दो स्थानों पर बारिश के आसार हैं। आज से मौसम बदलेगा। इसके बाद 18 अप्रैल से पूरे प्रदेश में इसका असर देखने को मिलेगा।

# पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क का डीएम ने किया निरीक्षण

लखनऊ, चसं। लखनऊ के मलिहाबाद तहसील स्थित अटारी गांव में बन रहे प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क का आज जिलाधिकारी विशाक जी ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने बाउंड्री वॉल, रोड कनेक्टिविटी, विद्युत उपकेंद्र और सेतु निर्माण की प्रगति को परखा। निरीक्षण में हथकरघा विभाग के सहायक निदेशक अमित सिंह पाल, जनसंपर्क अधिकारी स्कंद प्रताप सिंह, मलिहाबाद एसडीएम, पीडब्लयूडी, विद्युत विभाग और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पार्क की बाउंड्री वॉल का कार्य लगभग 25ः पूरा हो चुका है और इसे जुलाई के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। विद्युत विभाग ने बताया कि टेक्सटाइल पार्क में 132 केवीए क्षमता का सबस्टेशन प्रस्तावित है, जिसका एस्टीमेट भेजा जा चुका है। यह सबस्टेशन 5 एकड़ भूमि में स्थापित होगा। परियोजना प्रबंधक अमित कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि आउटर रिंग रोड से पार्क तक 14.280 किमी लंबी 4 लेन सड़क बनेगी। वहीं आईआईएम लखनऊ से रैथा अंडरपास तक की 8.400 किमी सड़क को चौड़ा किया जाएगा। गोमती नदी पर 212.03 मीटर के दो पुल भी बन रहे हैं, जिनका 40ः कार्य पूरा हो चुका है। निरीक्षण के दौरान डीएम विशाक जी ने कहा कि सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और समयसीमा के भीतर प्रोजेक्ट को पूरा करें।

# एलडीए ने चलाया अभियान, सरोजनीनगर में 80 बीघा हो रही अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

लखनऊ, चसं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफअभियान चलाया। इस दौरान प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने सरोजनी नगर में कार्यवाही की। 80 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि शराफत अली व आजम खान द्वारा सरोजनी नगर के ग्राम-रहीमाबाद में लगभग 80 बीघा क्षेत्रफल में अनधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे।

# बैंक मैनेजर के घर से 9 लाख की चोरी

लखनऊ, चसं। बंथरा इलाके में बुधवार रात एक बैंक मैनेजर के घर से 6 लाख के गहने और 3 लाख की नकदी चोरी हो गए। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। कोटक महिंद्रा बैंक मैनेजर राजीव आनंद गुप्ता हिन्दुस्तान एकेडमी के पीछे पारस विहार कॉलोनी में मां शांति आनंद और पिता ओमप्रकाश आनंद के साथ रहते हैं। वे अपने माता-पिता के साथ गोमती नगर में भतीजे के जन्मदिन समारोह में गए थे। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने देखा कि मकान का मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने तुरंत राजीव को सूचित किया। जब राजीव घर पहुंचे तो देखा कि कमरों और अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे। अलमारी से गहने और नकदी गायब थीं। राजीव ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में दो चोर वारदात को अंजाम देते दिखाई दिए। पुलिस ने बैंक मैनेजर के पिता ओमप्रकाश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूरज सिंह बनाए गये करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष



शिवगढ़, रायबरेली, चसं। क्षेत्र के गुमावां गांव के रहने वाले सूरज सिंह को करणी सेना का बाराबंकी जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिनसे मिलकर लोग लगातार बधाइयां दे रहे हैं। करणी सेना के प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह ने सूरज सिंह को पगड़ी पहनकर उन्हें बाराबंकी जिला उपाध्यक्ष की कमान सौंपते उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सूरज सिंह ने करणी सेना के प्रदेश महामंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंप गई है उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर्तव्य पथ पर आडिग रहकर निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म तथा समाज की रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। आज से नहीं आदिकाल से क्षत्रियों ने समाज की रक्षा की है और आगे भी करते रहेंगे। सूरज सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अवनीश शुक्ला, अनुज अवस्थी, चंद्र मोहन दीक्षित, लवलेश शुक्ला, करुणा शंकर मिश्रा, अनिल सिंह,ऊदल सिंह, शिवकुमार यादव, कौशलेन्द्र. सिंह, एपी सिंह, आशुतोष सिंह, जशवीर सिंह, अर्पित, लाला यादव आदि लोगों ने उन्हे बधाई दी।

### मौसम की मार से किसानों की बढ़ीं मुश्किलें तेज हवाओं से गेहूं के बोझ उड़े

रायबरेली, चसं। परशदेपुर में बृहस्पतिवार को मौसम ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। सुबह से शाम तक बदलते मौसम का असर गेहूं की फसल पर पड़ा है। कुछ किसानों ने पहले ही अगेती गेहूं की कटाई और मड़ाई कर ली थी। लेकिन ज्यादातर किसानों की फसल अभी खेतों में खड़ी थी। कुछ किसानों ने कटाई के बाद मड़ाई के लिए बोझ बना रखे थे। तेज हवाओं से गेहूं के बंधे बोझ उड़कर दूसरे खेतों में जा पहुंचे। किसान लाला ने बताया कि मड़ाई के लिए तैयार किए गए गेहूं के बोझ पूरी तरह से तैयार थे। दो-तीन दिन पहले हुई बारिश से फसल को नुकसान हुआ। दिन में मौसम साफरहने के बाद शाम को फिर तेज हवाएं चलने लगीं। इस बार गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। किसानों के सामने अब दो बड़ी समस्याएं हैं। आंधी-पानी से गिरी खड़ी फसल की कटाई मुश्किल होगी। साथ ही बिखरे हुए गेहूं के बोझों को मौसम साफहोने पर धूप में सुखाना होगा। इसके बाद ही मड़ाई हो पाएगी।

### युवती की संदिग्ध मौत, किशोरी ने लगाई फांसी

रायबरेली, चसं। फागूपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। डीह थाना क्षेत्र के परशदेपुर चौकी अंतर्गत 22 वर्षीय कृष्णा पटेल ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कृष्णा पटेल राम शंकर की पुत्री थी। किसी अज्ञात कारणों से उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही परशदेपुर चौकी के प्रभारी कृष्ण चंद मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। चौकी प्रभारी कृष्ण चंद ने बताया कि अभी तक फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भागवत कथा में कृष्ण जन्म का हुआ वर्णन

रायबरेली, चसं। लालगंज स्थित ऐहार गांव में बाबा बाल्हेश्वर महादेव शिव मंदिर के पास ऋषि आश्रम परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित झिलमिल जी महाराज ने कृष्ण जन्म लीला का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर पाप का बोझ बढ़ जाता है, तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हैं। विष्णु भगवान ने स्वयं कृष्ण के रूप में अवतार लिया। कथा के दौरान पंडित जी ने समुद्र मंथन की रोचक कथा भी श्रद्धालुओं को सुनाई। कथा श्रवण से श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में रज्जन गुप्ता, सत्यम गुप्ता, डॉ. अजय मिश्रा, चौधरी यादव, एनी महाराज, सतीश त्रिवेदी, शिवबरन, राहुल पाल और अंकित गुप्ता सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सतांव में राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा में चयनित छात्रों का सम्मान,17 छात्र-छात्राएं और एआरपीओ हुए सम्मानित

रायबरेली, चसं। सतांव ब्लॉक कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में चयनित छात्रों और एआरपीओ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में 17 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी संजय कनौजिया का शिक्षकों ने पुष्प गुच्छ और माला से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। बीडीओ संजय कनौजिया ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनती और लगनशील छात्र ही भविष्य में सफल होते हैं। एआरपी योगेंद्र यादव ने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम में एआरपी आशुतोष तिवारी, दिलीप श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, अराधना सिंह मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक उमाशंकर चंदवल, सहायक अध्यापिका सुमन श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

### बंडे गांव में खड़ी फसल में लगी आग, 8 किसानों की 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

रायबरेली, चसं। सतांव-गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के बंडे गांव में गुरुवार दोपहर एक बजे अचानक आग लग गई। गांव के पूर्वी छोर में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। खड़ी गेहूं की फसल धू-धूकर जलने लगी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। आधा दर्जन पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। आसपास के गांवों के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक शिव प्रकाश द्विवेदी, अंजनी कुमार मिश्र, रुपेन्द्र कुमार मिश्र, शैलेष कुमार मिश्र, चंद्र कुमार, बिन्दा प्रसाद, राम शंकर और राजकुमार अवस्थी की फसल जल चुकी थी। हल्का लेखपाल ओम प्रकाश मिश्र ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी सूचना के बावजूद नहीं पहुंची। इसी दौरान भीतरगांव में बसहा नाला के पास भी खेतों में आग लगी। यहां कटी हुई फसल की पराली में आग लगी। करीब तीन बीघे की पराली जल गई। इस आग को दमकल ने बुझाया। लेखपाल प्रीतम के अनुसार यहां किसी किसान की फसल को नुकसान नहीं हुआ। दोनों जगहों पर आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### थाने के पास मिला युवक का शव,नशे की हालत में सीढ़ियों से गिरकर मौत

अमेठी, चसं। मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र में थाने से कुछ कदम दूर एक पुराने मकान की सीढ़ी पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पूरे राजा मजरे भिलाई कला के रहने वाले 30 वर्षीय बृजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना शाम करीब 4:30 बजे की है। स्थानीय लोगों ने शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने शव को नीचे उतारा और स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान की। बृजेश कुमार सहजराम के पुत्र थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बृजेश नशे का आदी था। माना जा रहा है कि नशे की हालत में वह सीढ़ियों से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मोहनगंज एसएचओ राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लखनऊ-सीतापुर रोड पर बेकाबू बाइक पलटी

लखनऊ, चसं। राजधानी लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में गुरुवार को बेकाबू बाइक पलट गई, जिससे चार युवक गंभीर घायल हो गए। हादसा आदया लॉन के पास सुबह चार बजे हुआ। पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। घायलों में 15 वर्षीय अंकुल कनौजिया, 23 वर्षीय शैलेंद्र रावत, 27 वर्षीय रामेश मौर्य और 18 वर्षीय अनुपम रावत शामिल हैं। सभी सीतापुर जिले के मुकीमपुर सिधौली गांव के रहने वाले हैं। चारों युवक लखनऊ में एक शादी समारोह में वेटर का काम करने के बाद घर लौट रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए की आड़ में दलितों का शोषण कर रही समाजवादी पार्टी : मायावती

**लखनऊ, चसं।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान की आड़ में राजनीतिक लाभ के लिए दलितों का शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, दलितों के वोटों के स्वार्थ के लिए यहां किसी भी हद तक जा सकती है। बसपा नेता मायावती ने 'एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, विदित है कि अन्य पार्टियों की तरह आए दिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे कर तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले मामले सामने आ रहे हैं। इनकी अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप और कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है, यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होता है। मायावती ने कहा, क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ के लिए यहां किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इनके राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से जरूर बचना चाहिए। मायावती ने कहा कि साथ ही, ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय अपने समाज के सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाईयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताना चाहिए।

### माध्यमिक कम्प्यूटर अनुदेशकों एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया

**लखनऊ, चसं।** आज माध्यमिक कम्प्यूटर अनुदेशक एसो. उप्र के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं माध्यमिक शिक्षामंत्री को संबोधित धन्यवाद पत्र प्रेषित किया। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष साजदा पंवार ने बताया कि प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक के सहायक अध्यापक पद पर होने वाली भर्ती में भाजपा सरकार ने नियमावली में संशोधन करते हुए बीएड की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। संगठन लम्बे समय से बीएड की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग करता आ रहा था। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पिछले 10 वर्षो से बंद चल रही कम्प्यूटर शिक्षा सुचारु रुप से संचालित हो सकेगी। संगठन के प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध पाण्डेय ने बताया कि भाजपा सरकार ने नियमावली में संशोधन के इस निर्णय से प्रदेश में आईसीटी योजना के अन्तर्गत पूर्व में कार्य कर चुके 4000 माध्यमिक कम्प्यूटर अनुदेशकों के लिए पुनः सेवा बहाली की उम्मीद की किरण जागृत हुई है। मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में होने वाली कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती में सहायक अध्यापक के पद पर पूर्व में कार्य करने वाले कम्प्यूटर अनुदेशकों को अनुभव के आधार पद वरीयता प्रदान करते हुए सेवा बहाली करने की कृपा करेंगे।

### विनय शंकर तिवारी की गिरफ्तारी के विरोध में सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन सपा नेता पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और हरीश मिश्रा की गिरफ्तारी के खिलाफकिया गया। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बीजेपी सरकार जानबूझकर विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रही है। प्रदर्शन के दौरान गांधी प्रतिमा के सामने कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर और प्लेकार्ड लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। बाबा को हाता नहीं भाता, ब्राह्मण उत्पीड़न बंद करो जैसे नारों से इलाका गूंज उठा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सपा कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लिया। उन्हें जीपीओ पार्क से हटाते हुए इको गार्डन की ओर रवाना कर दिया। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।

### दादा ने कराई रजिस्ट्री, कब्जे के लिए पोता भटक रहा, 46 साल बाद भी नहीं मिली जमीन

**लखनऊ, चसं।** एलडीए के प्राधिकरण भवन में गुरुवार को जनता अदालत लगी। इसमें पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों से शिकायत की। इस दौरान एक व्यक्ति ने बताया- उनके दादाजी ने 46 साल पहले एक प्लॉट खरीदा था। उसमें आज तक कब्जा नहीं मिल पाया। एक अन्य व्यक्ति ने बताया एलडीए उनकी जमीन की रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। अलीगंज निवासी मो. शादाब ने बताया कि उनके घर के बगल में अवैध तरीके से अपार्टमेंट बनवाया जा रहा है। बिल्डर आसपास के लोगों को परेशान कर रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी प्रथमेश कुमार सहित सभी अफसरों और अनुभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। रितेश कुमार ने बताया कि उनके दादाजी ने 1979 महानगर रहीम नगर में एक प्लॉट खरीदा था। उसकी रजिस्ट्री भी करवा ली थी। उसके बाद कुछ समय के लिए उसको छोड़ दिया था। पिताजी ने जब उस पर निर्माण करवाने की प्लानिंग करी तो पता चला उस पर कब्जा हो गया। कब्जा कर उस पर निर्माण करवा दिया गया। अफसरों से शिकायत के बाद कब्जा दिलवाने का आश्वासन दिया है। दुबग्गा निवासी श्यामजी ने बताया कि हरदोई रोड योजना में आवास आवंटित हुआ था। 2018 में इसका पूरा पैसा एलडीए में जमा कर दिया था। 5 साल से रजिस्ट्री करवाने के लिए दौड़ रहे हैं। अधिकारी हमेशा कुछ-न-कुछ कागज कम होने की बात कहकर वापस कर देते हैं। आज इससे परेशान हो कर जनता अदालत में इसकी शिकायत अफसरों से की है। अफसरों ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस कमिश्नर आवास के पास धंसी सड़क

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के वीवीआईपी इलाके में बुनियादी ढांचे की पोल खुल गई है। पुलिस कमिश्नर के आवास से महज कुछ कदम की दूरी पर सड़क धंस गई। सहारा गंज मॉल के ठीक सामने करीब 4 फीट गहरा और कई फीट चौड़ा गड्ढा बन गया है। अचानक धंसी सड़क से राहगीरों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह हादसा किसी बड़ी घटना का संकेत जरूर दे रहा है।

# टीएचआर प्लान्टों से महिलाओं के जीवन में आ रही खुशहाली

## आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध : केशव

चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के अनौराकला चिनहट में स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारासंचालित टीएचआरप्लान्ट का निरीक्षण किया। टीएचआर प्लान्ट से तैयार पुष्टाहार की बारीकियों गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल की व महिलाओं से वार्ता करते हुए उनकी आमदनी के बारे में फीड बैक लिया।

महिलाओं ने टीएचआर प्लान्ट से होने वाली आमदनी व अन्य विवरण देते हुए बताया कि इससे उनकी आमदनी बढ़ी है और उनके परिवार में खुशहाली आयी है। टीएचआर प्लान्टों से महिलाओं की आमदनी बढ़े और अनवरत रूप से प्लान्ट चलते रहे व बिजली का व्यय भार भी कम हो, इसलिए उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर टीएचआर प्लान्टों को सोलर एनर्जी सोलर प्लांट से जोड़ा जा रहा है। इस प्लान्ट को भी सोलर एनर्जी से जोड़ा गया है। फूड प्रोसेसिंग इकाइयों मे सोलर प्लांट लगाने में महिलाओं को 90 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में की गयी है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टी एच आर प्लान्टों के संचालन से

- **अनौराकला, चिनहट के टीएचआर प्लान्टों का किया जायेगा विस्तार**

महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है, प्रदेश में 204 टीएचआर प्लान्ट स्थापित हैंजहां पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए पुष्टाहार का उत्पादन स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा किये जाने की व्यवस्था की गयी है।बड़ी संख्या में यह प्लान्ट सोलर एनर्जी से जोड़े गये हैं।

उप मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान महिलाओं द्वारा बताया गया है पहले उनका बिजली का बिल लगभग सवा लाख आता था, सोलर प्लांट लगाने के बाद बिल 35 हजार आ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्लान्ट का विस्तार किया जाय , यहां पर बेसन ,आटा, मशाला ,तेल आदि की यूनिट लगाने का प्लान एक माह के अन्दर तैयार किया जाय और बैंकों से टाइअप कर समूहों की पूरी मदद की जाय। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डबल इन्जन सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस रेस्पी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार



उत्पादन इकाई में 10 स्वयं सहायता समूहों की चयनित दीदियों द्वारा कार्य किया जा रहा है , जहां पर पंजीरी,आटा बेशन हलुआ, मूंग दाल खिचड़ी, आटा बेशन बर्फी आदि 6 चीजें बनाई जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था की जाय पुष्टाहार विभाग को आपूर्ति के अलावा मार्केट में बेचने के लिए भी उत्पाद तैयार किये जाय, जिससे महिलाओं की आमदनी के नये रास्ते खुलेंगे। उप मुख्यमंत्री ने महिलाओं से वार्ता करते हुए उनके सुझाव भी लिये और उनके काम की तारीफकी। यह यूनिट 90 लाख रूपये की धनराशि से तैयार की गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लिए एक सी एल एफनामित किया जाय। कहा कि महिलायें बैंकों में समय से पैसा का भुगतान अदा करती है। इस यूनिट को विस्तार देते हुए कम से कम 5 करोड़ की यूनिट की जाय। कहा कि 'इस यूनिट को माडल यूनिट बनाया जायेगा' अन्य कम्पनियों से टाइअप करने पर भी विचार किया जाय। इसके इक्पेन्शन में नियमानुसार मनरेगा से धनराशि व्यय करने पर भी विचार कर लिया जाए।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना : यूपी में 17 हजार इकाइयां स्थापित :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत प्रदेश में 17 हजार इकाइयां स्थापित की गयी हैं। प्रत्येक जिले में एक हजार यूनिटें स्थापित करने का लक्ष्य है। इच्छुक लोग प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का अधिक से अधिक उठायें।सरकार का प्रयास है कि युवक,युवतियां उद्यम स्थापित कर युवाओं को रोजगार देने वाले बने।खाद्य प्रसंस्करण में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थी अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करें। सरकार सूक्ष्म उद्योगों के उन्नयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध व कटिबद्ध है। केशव मौर्य आज आदर्श नगर आलमबाग में संचालित राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 15 दिवसीय फल संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में रू 30 लाख तक ऋण दिए जाने की व्यवस्था की गयी है, इसमें 35 प्रतिशत अनुदान का प्राविधान किया गया है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में ट्रेनर्स की कमी पूरी की जायेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कि पी एम एफएम ई योजना के तहत ऐसा पोर्टल डेवलप करें ,जिसमें ट्रेनिंग करने वाले सभी प्रशिक्षणार्थी आटोमेटिक जुड़ जांय , इससे इच्छुक प्रशिक्षित लोगों को उद्यम लगाने में आसानी होगी। ट्रेनिंग के दौरान ही उन्हें अपना स्वयं का उद्यम लगाने के लिए प्रेरित करें। ट्रेनिंग के दौरान योजना के तहत दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी जाय। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय और इसके बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवकों को जानकारी दी जाय।बताया गया कि 1 लाख 30 हजार प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्पादक और उपभोक्ता बहुत है। स्वयं सहायता समूहों भी बने हैं।उन्हें छोटे उद्यमो से जोड़ने की आवश्यकता है ।उन्हें उद्यम लगाने के लिए प्रेरित करें। इसके पूर्व उन्होंने सूक्ष्म उद्यम इकाइयों द्वारा लगाए गये स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण केन्द्र के परिसर में वृक्षारोपण किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रमुख सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण व रेशम विभाग बी एल मीणा, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग विजय बहादुर द्विवेदी, उप निदेशक खाद्य प्रसंस्करण एस के चौहान ने सम्बोधित किया।

## योगी का संकल्प सफल, भविष्य संवार रहा ऑपरेशन कायाकल्प

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने का सीएम योगी का संकल्प ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से सफलता के नए अध्याय लिख रहा है। योगी सरकार के निर्देश पर वर्ष 2018 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में शुरू की गई प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया अब अपना सकारात्मक रूप दिखाने लगी है।

प्रदेश में 19 आधारभूत सुविधाओं व पैरामीटर्स हो रहे कार्य बड़े पैमाने पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 5 स्टार श्रेणी युक्त बनाकर इन्हे आदर्श विद्यालय एवं ग्राम सभा के सबसे आदर्श भवन के रूप में विकसित कर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 से लेकर अब तक प्रदेश में 19 पैरामीटर्स पर संतृप्तिकरण की प्रक्रिया को 18 पैरामीटर्स पर 80 प्रतिशत से अधिक सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, शौचालय, ब्लैकबोर्ड व परिसर विद्युतीकरण जैसे 9 पैमानों पर 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है जबकि 8 पैरामीटर्स पर



94 प्रतिशत से अधिक की लक्ष्य प्राप्ति की जा चुकी है। यही कारण है कि प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे करोड़ों बालक-बालिकाओं व उनके अभिभावकों को ऑपरेशन कायाकल्प से हुए बदलाव एवं वर्तमान शिक्षा नीतियों के प्रभावी रूप से लागू होने पर उज्ज्वल भविष्य का सपना साकार होता दिख रहा है।बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वर्ष 2018 से लेकर अब तक उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। आंकड़ों के अनुसार, चयनित 19 पैरामीटर्स में से प्रदेश में अब तक 18 पैरामीटर्स पर 80 प्रतिशत सफलता मिली है। वहीं, स्कूल फर्नीचर की आपूर्ति में वर्ष 2018 में 19 प्रतिशत के मुकाबले अब तक 65 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण करने में सफलता मिली है। इसी प्रकार, स्वच्छ पेयजलापूर्ति में वर्ष 2018 में 67 प्रतिशत की अपेक्षा अब 100 प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया जा चुका है। 19 पैरामीटर्स में से ब्वॉयज टॉयलेट, गर्ल्स टॉयलेट, जलापूर्ति युक्त शौचालय, मल्टी हैंड वॉशिंग यूनिट, ब्लैक-ग्रीन व व्हाइट बोर्ड की स्थापना, स्कूल परिसर की पुताई, रैंप व रेलिंग निर्माण तथा परिसर के विद्युतीकरण जैसी प्रक्रियाओं के लक्ष्य को 100 प्रतिशत सफलता के साथ पूरा किया जा चुका है। टाइल्स युक्त शौचालय निर्माण में वर्ष 2018 में 21 प्रतिशत की अपेक्षा मार्च 2025 तक 91 प्रतिशत कार्यों को पूरा किया जा चुका है।

परिषदीय विद्यालयों के परिसर में गेट युक्त बाउंड्री वॉल निर्माण तथा रसोईघर नवीनीकरण जैसे पैमानों पर क्रमशः 98 व 94 प्रतिशत लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार ऑपरेशन कायाकल्प में जो 19 पैरामीटर्स चयनित किए गए हैं उनमें से किसी भी पैरामीटर में वर्ष 2018 में 82 प्रतिशत से अधिक कार्य नहीं हुआ था, वहीं अब सभी निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में योगी सरकार तेजी से कदम बढ़ा रही है।

## लोक भाषा आज भी प्रासंगिक है : डॉ राहुल पाण्डेय

**लखनऊ, चसं।** नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर एवं भाषा संस्थान लखनऊ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय था साहित्य में लोकभाषा का महत्व। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो रेखा गुप्ता अवध गर्ल्स पी जी कॉलेज लखनऊ एवं डॉ राहुल पांडेय हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो मंजुला यादव,डा अपूर्वा अवस्थी, डॉ अंकिता पांडे, डॉ मेघना यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए भाषा संस्थान की प्रतिनिधि डॉ रश्मि शील जी ने लोकभाषा को साहित्य का प्राणतत्व बताते हुए कहा कि यह भाषा जन के हृदय को स्पर्श करती है, भाषा तो बहता नीर है। विशिष्ट वक्ता डॉ राहुल पांडेय जी ने कहा कि लोकभाषा किसी सांस्कृतिक समूह द्वारा बोली जाती है। हजारी प्रसाद द्विवेदी के कथन को उद्घाटित करते हुए मध्ययुग के संपूर्ण साहित्य को लोकसाहित्य कहा।तुलसी, सूरदास और कबीर की रचनाओं से उदाहरण दिए। आधुनिक युग में भारतेंदु निजभाषा के पक्षधर रहें। उन्होंने कहा कि साहित्यकार लोकसंवेदना से परिपूर्ण होता है, वह लोक से शब्दावली चुनकर लाता है। लोकभाषा किसी क्षेत्र विशेष की संस्कृति, परंपराओं, रीति-रिवाजों और जीवन मूल्यों को अपने में समेटे हुए होती है। साहित्य में इसका प्रयोग इन सांस्कृतिक तत्वों को जीवंत बनाए रखता है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाता है। मुख्य वक्ता प्रो रेखा गुप्ता जी ने साहित्य के विभिन्न संदर्भों को देते हुए कहा कि लोकसाहित्य , लोकभाषा और लोक प्रवृत्ति के अनुरूप है। देशज शब्दों को लोक की निजी संपत्ति माना। रमई काका तथा चंद्रभूषण आदि कवियों की कविताओं का उदाहरण देते हुए भाषा में धनव्यात्मकता महत्वपूर्ण है।लोकभाषा में सहजता और स्वाभाविकता होती है। इसमें बनावटीपन या औपचारिकता कम होती है, जिससे लेखक अपनी भावनाओं और विचारों को अधिक प्रभावी ढंग से व्यक्त कर पाता है। यह साहित्य को अधिक वास्तविक और हृदयस्पर्शी बनाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने कहा कि लोकभाषा समाज का आधार है। रामचरित मानस में जनभाषा में होने के कारण घर-घर में लोकप्रिय रही। तुलसीदास का श्रामचरितमानसश् अवधी लोकभाषा में लिखा गया एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आज भी करोड़ों लोगों के हृदय में बसा हुआ है।

## मंडी परिषद की आय में 16.17 फीसदी का इजाफा : दिनेश प्रताप

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के गतिमान कार्यों की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हर सम्भव प्रयास करें। प्रदेश के किसान अन्नदाता हैं, राज्य सरकार उनकी आमदनी बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में मंडी परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गत वर्ष की अपेक्षा कुल आय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई। मंडी शुल्क की दर में कमी करने के बावजूद भी पिछले वर्ष 2023-24 की अपेक्षा इस वर्ष 2024-25 में कुल आय लगभग 278 करोड़ रुपये अधिक हुई है, जो कि पिछले वर्ष से 16.17 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1994.50 करोड़ रुपये की कुल आय हुई है, जो कि गत वर्ष की आय 1716.87 करोड़



- **किसानों की भलाई हेतु योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश**
- **मण्डियों में पारदर्शिता से किसानों को उपज का समय पर मिले उचित मूल्य**

रुपये थी। उन्होंने बताया कि मंडी परिषद में यह उपलब्धि ई-मण्डी पोर्टल, ई-लाइसेंस आदि के लागू करने से प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापारियों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस में 265 करोड़ की छूट प्रदान की गई है।उद्यान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मण्डियों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि मण्डियों में साफ सफाई, पेयजल, शौचालय एवं लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने ई-मण्डी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बिचौलियों पर निगरानी रखने और सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर किसानों की भलाई हेतु योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

बैठक में मण्डी परिषद के निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह, संयुक्त निदेशक सचिन सिंह, चीफ इंजीनियर गिरधारी लाल, उप निदेशक चंदन पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14307-SLR-F1-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14307-SLR-R1-PYGS-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.05.2025 at 12:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ    1129/25


# अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग ने की जनसुनवाई



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने इन्दिरा भवन लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 28 शिकायतों और पत्रावलियों पर जनसुनवाई की।

आयोग द्वारा इन मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।कुँवर सुधाकर सिंह बनाम पुलिस अधीक्षक बाराबंकी एवं बन्दोबस्त अधिकारी बाराबंकी से संबंधित प्रकरण में मामला सामने आया कि भूमि विवाद में फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से फर्जी सुलहनामा तैयार किया गया था। पीड़ित के एफआईआर दर्ज कराने के उपरांत आयोग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित हस्ताक्षरों की फोरेंसिक जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

वहीं रूचि देवी बनाम पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी की शिकायत पर सुनवाई की गई, जिसमें संबंधित अधिकारी की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने

- **समयबद्ध न्याय दिलाना पिछड़ा वर्ग आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता : राजेश वर्मा**
- **विभिन्न जिलों की 28 शिकायतों पर अध्यक्ष ने की कार्यवाही**

के लिए जाँच अधिकारी को बदलने तथा पुनः जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।मोन्नी के मामले में तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी अरविंद सिंह की पत्नी और पुत्री के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति वर्ष 2020 से लंबित थी। आयोग के निर्देश पर 1,12,004 रूपये की धनराशि का भुगतान जारी कराया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारी का दायित्व निर्धारित कर रिपोर्ट आयोग को दी जाए।

पुष्पा देवी बनाम वरिष्ठ कोषाधिकारी सीतापुर से संबंधित पारिवारिक पेंशन के मामले में आयोग के हस्तक्षेप से 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी पेंशनभोगी को अनुमन्य अतिरिक्त पेंशन के रूप में 93,546 रूप की राशि का भुगतान कराया गया।डॉ. सत्येन्द्र सिंह द्वारा समय से प्रोन्नति न मिलने के संबंध में प्रस्तुत प्रकरण में विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, निदेशक आईआईटी एवं कुलसचिव एकेटीयू की उपस्थिति में सुनवाई की गई। आयोग ने निर्देश दिया कि सभी पक्षों के साथ बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरण का शीघ्र निस्तारण कराया जाए।जनसुनवाई के उपरांत आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को समयबद्ध न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लापरवाही अथवा असंवेदनशीलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## चारबाग स्टेशन पर लोको पायलट-ठेकेदार में मारपीट,कैंटीन में खाना मांगने पर लाठियां चलीं

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के रनिंग रूम के सामने दो पक्षों में बवाल हो गया। इसमें कैंटीन ठेकेदार और लोको पायलट आमने-सामने आ गए। बहस के बाद कैंटीन परिसर में ही मारपीट शुरू हो गई। झगड़ा खाने को लेकर हुआ। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग लाठी से दूसरे लोगों को पीटते दिख रहे हैं। इसके बाद लोको पायलट वहीं बैठकर नारे लगाने लगे। लोको पायलट का आरोप है कि 14 घंटे ड्यूटी करने के बाद जब कैंटीन में खाना लेने आए, तो ठेकेदार ने मना किया। कारण पूछने पर नोकझोंक शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर थप्पड़ मार दिया। कुछ लोग लाठियां लेकर आ गए। कैंटीन ठेकेदार ने अपने लोगों से उन्हें पिटवाया है। मारपीट के बाद कई लोको पायलट धरने पर बैठ गए। सभी रेल प्रशासन और लखनऊ प्रशासन के खिलाफनारे लगाने लगे। इन लोगों ने रेल प्रशासन हाय-हाय, लखनऊ प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाए। बताया गया कि मारपीट मुरादाबाद मंडल के लोको पायलट से की गई। धरने पर बैठे लोको पायलट बोले तीन-चार लोको पायलट सुबह करीब 10.30 बजे खाना खाने के लिए लोको रनिंग रूम के कैंटीन में पहुंचे थे। यहां अपना राशन देकर खाना बनाने को कहा। इस पर कैंटीन के संचालक ने कहा-यह अभी नहीं बनेगा, जो है उसे खाओ। इसके बाद बहस होने लगी। रनिंग रूम के इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे। आरोप है, उन्होंने एक लोको पायलट को थप्पड़ जड़ दिया। इससे विवाद होने लगा। हालांकि, रनिंग रूम के इंचार्ज ने कहा कि हमने कोई हाथ नहीं छोड़ा था। वहां केवल बीच-बचाव कर रहा था।इस बीच कैंटीन के करीब 20 लोगों ने 3-4 लोको पायलट को वाइपर, डंडे सहित अन्य चीजों से पीट दिया। इसकी जानकारी होते ही लोको पायलट सहित रेलवे कर्मचारी संगठन के नेता भी पहुंच गए। इस बवाल के बाद एडीआरएम, एनआरएमयू के मंडल मंत्री राकेश पांडेय सहित अन्य अधिकारियों के बीच में बैठक हुई। कर्मचारियों ने मामले में आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। रनिंग रूम के इंचार्ज को तत्काल हटाने की मांग की है। मारपीट के बाद पांच घंटे तक रनिंग रूम में आपाधापी की स्थिति बनी रही। बैठक के बाद एनआरएमयू के मंडल मंत्री राकेश पांडेय नेकर्मचारियों को आश्वासन दिया।


**उत्तर रेलवे**


**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन: | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0: | 24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 24203-SLR-F1-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 24204-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 24203-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 24203-SLR-R1-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.05.2025 at 13:20 hrs. |

वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of www.ireps.gov.in    1136/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**क्या हार में, क्या जीत में किंचित नहीं भयभीत मैं कर्तव्य पथ पर जो भी मिला यह भी सही वो भी सही वरदान नहीं मांगूंगा हो कुछ पर हार नहीं मानूंगा : अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

### बिजली को झटका

जिस राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फ्लतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फसंविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दर्शाया जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा।

# बीजेपी की मजबूरी है तमिलनाडु में गठबंधन की सियासत

> बीजेपी के लिए यह गठबंधन एक बड़ा अवसर भी है और एक बड़ी चुनौती भी। अवसर इसलिए कि एआईएडीएमके जैसे मजबूत क्षेत्रीय दल के साथ आकर वह तमिलनाडु में अपनी मौजूदगी को मजबूत बना सकती है। और चुनौती इसलिए क्योंकि अगर एआईएडीएमके ने चुनाव जीतने के बाद बीजेपी को सत्ता में हिस्सा नहीं दिया तो यह गठबंधन सिर्फ चुनावी सौदा बनकर रह जाएगा, जिसका कोई दीर्घकालिक फायदा नहीं होगा। बीजेपी को यह तय करना होगा कि वह सिर्फ वोट बैंक के लिए सहयोगी बने रहना चाहती है या सत्ता में हिस्सेदारी के लिए सख्ती भी दिखाएगी। वहीं पलानीस्वामी भी शायद इस बात को भली-भांति समझते हैं कि डीएमके को हराने के लिए बीजेपी का साथ जरूरी है।

भारतीय जनता पार्टी और दिवंगत जयललिता की पार्टी एआईएडीएमके के बीच तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ गठबंधन ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पार्टी की नींद उड़ा दी है। यह गठबंधन बीजेपी के रणनीतिकार अमित शाह की देन बताई जा रही है। हालांकि अभी तक दोनों दलों के दिल मिलते नहीं दिखाई दे रहे हैं। वजह है एआईएडीएमके नेता ई. पलानीस्वामी के बयानों में बार-बार आ रहा असमंजस। तमिलनाडु की राजनीति में यह कोई पहला मौका नहीं है जब चुनावी गणित के चलते विरोधी दलों ने हाथ मिलाया हो, लेकिन सत्ता साझा करने को लेकर जो स्पष्टता होनी चाहिए, उसकी यहां भारी कमी नजर आ रही है। अमित शाह ने खुद चेन्नई जाकर गठबंधन की सार्वजनिक घोषणा की, यहां तक कि दावा भी कर दिया कि अगली सरकार तमिलनाडु में एनडीए(एआईएडीएमके-बीजेपी) की होगी। लेकिन जब पलानीस्वामी से इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने साफ कह दिया कि उनका बीजेपी के साथ सिर्फ चुनावी गठबंधन है, सरकार साझा नहीं की जाएगी। इससे बड़ा संकेत और क्या हो सकता है कि गठबंधन का भविष्य बेहद अनिश्चित है। यह सब तब हो रहा है जब बीजेपी ने अन्नामलाई जैसे उभरते नेता को हटाकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। तब माना गया कि पलानीस्वामी की शर्त पूरी कर दी गई है और अब गठबंधन में कोई बाधा नहीं रहेगी। लेकिन अब जिस तरह से एआईएडीएमके लगातार यह कह रही है कि बीजेपी के साथ मिलकर सिर्फ चुनाव लड़ेंगे, सरकार नहीं बनाएंगे, उससे साफ है कि उनके इरादे पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह गठबंधन केवल अन्नामलाई को हटवाने की रणनीति तो नहीं थी? जिस प्रकार से पलानीस्वामी ने पहले अन्नामलाई के खिलाफ मुखर विरोध जताया और अब अन्नामलाई की विदाई के बाद भी नए मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं, उससे संदेह और भी गहराता जा रहा है। गौरतलब है कि तमिलनाडु की राजनीति में हिंदी विरोध, सांस्कृतिक पहचान, और क्षेत्रीय स्वाभिमान जैसे मुद्दे हमेशा हावी रहे हैं। ऐसे में बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी से जुड़ाव अक्सर द्रविड़ दलों के लिए, एक राजनीतिक जोखिम बन जाता है। पलानीस्वामी भी शायद इसी वजह से खुलकर बीजेपी के साथ सत्ता साझा करने से बच रहे हैं। वह एक तरफ डीएमके को सत्ता से हटाने के लिए बीजेपी के समर्थन का लाभ उठाना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर बीजेपी से दूरी बनाकर अपने क्षेत्रीय वोट बैंक को भी साधना चाहते हैं। यही वजह है कि वह बार-बार स्पष्ट कर रहे हैं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी नेता होंगे और तमिलनाडु में सिर्फ वह यानी पलानीस्वामी। इससे संकेत मिलता है कि एआईएडीएमके नहीं चाहती कि तमिलनाडु में बीजेपी को ज्यादा ताकत मिले। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह का गठबंधन तमिलनाडु की राजनीति में नया नहीं है। डीएमके और एआईएडीएमके ने अक्सर चुनावों में गठबंधन किए हैं, लेकिन राज्य की सत्ता में आने के बाद अपने सहयोगियों को सत्ता में भागीदारी देने से कतराते रहे हैं। डीएमके, कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिलकर चुनाव जीतती है, लेकिन सरकार सिर्फ डीएमके की बनती है। कुछ ऐसा ही पैटर्न अब एआईएडीएमके भी अपनाना चाहती है। यानी चुनावी फायदा लेने के लिए बीजेपी के साथ हाथ मिलाया जाए, लेकिन सत्ता में उन्हें हिस्सा न दिया जाए। इससे लगता है कि जयललिता की पार्टी, बीजेपी को कहीं सिर्फ एक वोट बैंक के तौर पर तो इस्तेमाल नहीं कर रही है?क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 11 फीसदी से अधिक वोट हासिल हुए थे,जो किसी भी चुनाव में किसी भी दल की जीत हार का अंतर कम और बढ़ा सकते हैं। अगर हम आंकड़ों पर नजर डालें तो 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और एआईएडीएमके के गठबंधन को लगभग 40 फीसदी वोट मिले थे, जबकि डीएमके और उसके सहयोगियों को 45 प्रतिशत। यानी मुकाबला कड़ा था। लेकिन जब 2023 में अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तब से एआईएडीएमके के साथ बीजेपी के रिश्तों में खटास आ गई। आखिरकार 2023 में यह गठबंधन टूट गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और नुकसान दोनों को हुआ। एआईएडीएमके को 20.46 फीसदी वोट मिले और बीजेपी को अकेले 11.24 प्रतिशत, यानी एनडीए को कुल 18.28 प्रतिशत। अगर ये दोनों साथ होते तो आंकड़ा लगभग 41 फीसदी के पास पहुंचता, जो डीएमके गठबंधन के 47 प्रतिशत के मुकाबले कुछ हद तक टक्कर दे सकता था। बीजेपी को इस आंकड़े से यह सीख जरूर मिली कि तमिलनाडु में वह अकेले दम पर अभी सत्ता में नहीं आ सकती। इसलिए उन्होंने फिर से एआईएडीएमके से हाथ मिलाने का फैसला किया। लेकिन अन्नामलाई जैसे नेता की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और आक्रामक शैली को देखकर पलानीस्वामी ने शायद खतरे की घंटी महसूस की और अन्नामलाई को हटाने की शर्त रख दी। बीजेपी ने यह शर्त मानकर नैनार नागेंद्रन को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया, लेकिन अब भी एआईएडीएमके का रुख सख्त है। इस पूरे घटनाक्रम से यही प्रतीत होता है कि पलानीस्वामी गठबंधन के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, लेकिन सत्ता में बीजेपी को साझीदार बनाने से कतरा रहे हैं। यहां एक और दिलचस्प बात यह है कि तमिलनाडु बीजेपी के नए अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने इस पूरे विवाद पर बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बनाने का फैसला दोनों पार्टियों के नेतृत्व द्वारा सही समय पर किया जाएगा। यानी फिलहाल बीजेपी भी खुलकर कुछ कहने से बच रही है। अमित शाह ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर यही बात दोहराई थी कि उचित समय पर सब स्पष्ट किया जाएगा। इससे यह साफ होता है कि बीजेपी पलानीस्वामी के बयानों से नाराज तो है लेकिन अभी किसी टकराव की स्थिति नहीं बनाना चाहती। लेकिन क्या बीजेपी का यह नरम रवैया उसे लंबे समय तक नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्योंकि, अगर चुनाव जीतने के बाद भी उसे सत्ता में हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तो उसके कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ेगी। इससे पार्टी की छवि कमजोर होगी और तमिलनाडु जैसे राज्य में जहां बीजेपी अब तक सत्ता से दूर रही है, वहां वह अपनी पहचान मजबूत नहीं कर पाएगी। वहीं पलानीस्वामी का यह दोहरा खेल यह दिखाता है कि वह एक तरफ बीजेपी का सहारा लेकर डीएमके को हराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी ओर बीजेपी को सत्ता से बाहर रखकर अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत भी करना चाहते हैं। यह रणनीति चतुर जरूर है, लेकिन स्थायित्व के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है।



:: एजेंसी

# ड्राइवर देश का उपेक्षित, लेकिन अनिवार्य वर्ग

भारतीय समाज में ट्रक ड्राइवरों को अक्सर कम पढ़ा-लिखा, अनुशासनहीन या विकल्पहीन व्यक्ति समझा जाता है, जबकि सच्चाई इससे एकदम अलग है। ट्रक ड्राइवर देश की अर्थव्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ हैं, जिनके निरंतर परिश्रम के बिना रोजमर्रा की जिंदगी रुक सकती है। वे दिन-रात देश के कोने-कोने तक आवश्यक वस्तुएं पहुंचाते हैं, चाहे वह बर्फीली सड़कों पर हो या तपते रेगिस्तान में। इसके बावजूद उन्हें वह सम्मान, वे सुविधाएं और वे अधिकार नहीं मिलते जिनके वे वास्तविक हकदार हैं। जहां अधिकांश नौकरियों में काम के घंटे तय होते हैं और ओवरटाइम का भुगतान सुनिश्चित होता है, वहीं ट्रक चालकों को अकसर 15-18 घंटे तक लगातार वाहन चलाना पड़ता है। उनके पास न पर्याप्त विश्राम का समय होता है, न उचित खानपान की व्यवस्था। उनका कार्य न केवल शारीरिक रूप से थकाने वाला होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी अत्यंत तनावपूर्ण होता है। ट्रैफिक, मौसम, समय की पाबंदी और पुलिस या प्रशासनिक दबाव, ये सभी उन्हें लगातार परेशान करते हैं। इसके बावजूद वे शिकायत नहीं करते, क्योंकि डिलीवरी समय पर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होती है।

वेतन की बात करें तो आज भी एक ट्रक चालक की औसत मासिक आमदनी 15000 से 20000 रुपए के बीच है। यह राशि तब बेहद कम लगती है जब इसमें लगातार यात्रा, खानपान, वाहन रखरखाव और व्यक्तिगत जरूरतों का खर्च भी जुड़ जाए। इस आर्थिक असुरक्षा के चलते ड्राइवरों की शादियां समय पर नहीं हो पातीं और नई पीढ़ी इस पेशे से दूरी बना रही है। यह एक सामाजिक संकट का रूप ले चुका है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है। यदि हम विकसित देशों की बात करें, तो अमेरिका में ट्रक ड्राइवरों की औसत वार्षिक आय 50000 डॉलर (लगभग 40 लाख रुपए) से अधिक है। नॉर्वे अपने ट्रक ड्राइवरों को लगभग 36.92 लाख रुपए तक की सैलरी देता है। वहां काम के घंटे सख्ती से नियंत्रित होते हैं। एक ड्राइवर को एक दिन में अधिकतम 11 घंटे से ज्यादा वाहन चलाने की अनुमति नहीं होती और उसके बाद कम से कम 10 घंटे का विश्राम अनिवार्य होता है। ऑस्ट्रेलिया में ट्रक ड्राइवरों के पास अपनी पसंद के शेड्यूल के अनुसार काम करने का ऑप्शन होता है और उन्हें इसके लिए प्रति घंटे के हिसाब से भुगतान मिलता है। ऑस्ट्रेलिया में एक ट्रक ड्राइवर का प्रति घंटे वेतन आम तौर पर 29.62 डालर होता है। वे अपने काम की प्रकृति के अनुसार काम करते हैं और उसी के आधार पर पैसे कमाते हैं। ऑस्ट्रेलिया में ट्रक ड्राइवरों के लिए आवंटित अधिकतम कार्य समय 10-12 घंटे है, इसलिए वे उस सीमा के भीतर ही काम करते हैं। यूरोपीय संघ में भी ड्राइवरों के लिए ड्राइविंग टाइम रेगुलेशन लागू हैं, इसके अनुसार ड्राइवर एक दिन में कुल 9 घंटे गाड़ी चला सकते हैं, जिसमें हर चार

> आर्थिक असुरक्षा के चलते ड्राइवरों की शादियां समय पर नहीं हो पातीं और नई पीढ़ी इस पेशे से दूरी बना रही है। यह एक सामाजिक संकट का रूप ले चुका है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है। यदि हम विकसित देशों की बात करें, तो अमेरिका में ट्रक ड्राइवरों की औसत वार्षिक आय 50000 डॉलर (लगभग 40 लाख रुपए) से अधिक है। नॉर्वे अपने ट्रक ड्राइवरों को लगभग 36.92 लाख रुपए तक की सैलरी देता है। वहां काम के घंटे सख्ती से नियंत्रित होते हैं।

घंटे की ड्राइविंग के बाद 45 मिनट का ब्रेक लेना अनिवार्य है। जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में तो हाईवे पर विशेष ट्रक रेस्ट एरिया बनाए जाते हैं, जहां स्वच्छ शौचालय, स्नानघर, खाना और आराम की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यही नहीं, ड्राइवरों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन और रिटायरमेंट के बाद सम्मानजनक सहायता भी दी जाती है। इन देशों में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि महिला ट्रक चालकों के लिए भी विशेष प्रशिक्षण, सुरक्षा और विश्रामस्थलों की सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि वे भी इस पेशे को आत्मविश्वास के साथ अपना सकें। भारत में ट्रक ड्राइविंग को एक स्किल्ड प्रोफेशन का दर्जा देकर युवाओं को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। ड्राइविंग केवल गाड़ी चलाना नहीं, बल्कि एक पूर्णकालिक, जिम्मेदार और तकनीकी पेशा है, जिसमें प्रशिक्षण, अनुशासन और स्वास्थ्य का विशेष महत्व होता है। भारत को भी इन उदाहरणों से प्रेरणा लेकर अपने ट्रक चालकों के लिए मानवीय और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए। देश की सड़कों पर दिन-रात चलने वाले इन ड्राइवरों के लिए सरकार को विशेष योजना बनानी चाहिए। हाईवे पर साफ-सुथरे विश्राम केंद्र, शौचालय, स्नान और भोजन की व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए। साथ ही ड्राइवरों के लिए स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना सुरक्षा और वृद्धावस्था पेंशन की सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए। होटल मालिकों को भी चाहिए कि वे टैक्सी और ट्रक चालकों को न्यूनतम शुल्क पर रुकने और नहाने की सुविधा दें, ताकि वे कुछ घंटों के लिए ही सही, इनसान की तरह आराम कर सकें। इसके अलावा हालिया वर्षों में यह देखने को मिला है कि ट्रक ड्राइवर, जो कई हफ्तों और महीनों तक अपने घरों से दूर रहते हैं, अनजाने में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से यौन संचारित रोगों जैसे एड्स और ड्रग्स आदि के सेवन के जोखिम में आ जाते हैं। लंबे समय तक सामाजिक और पारिवारिक संपर्क से दूर रहना, सीमित स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता की कमी, इन स्थितियों को और भी गंभीर बना देती है। ऐसे में सरकार और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर ट्रक चालकों के बीच स्वास्थ्य शिक्षा, नियमित जांच और परामर्श सेवाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि वे न केवल सुरक्षित रहें, बल्कि समाज में सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जी सकें। पुलिस प्रशासन को भी चाहिए कि वे ट्रक चालकों के साथ सहयोगपूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार करें। उन्हें अपराधी नहीं, देश के विकास में सहयोगी माना जाए। जिस तरह एक सैनिक सरहद पर देश की रक्षा करता है, उसी तरह ट्रक ड्राइवर देश की आर्थिक धमनियों को जीवित रखते हैं। अगर वे एक दिन भी काम बंद कर दें तो आम नागरिक की रोजमर्रा की जिंदगी रुक जाएगी, दूध, सब्जियां, दवाइयां और ईंधन जैसी बुनियादी जरूरतें समय पर नहीं पहुंचेंगी, जिसका उदाहरण हम पिछले साल देख ही चुके हैं। अब समय आ गया है कि हम ड्राइवरों को केवल एक वाहन चालक नहीं, बल्कि सड़क के सच्चे सिपाही मानें। उन्हें सम्मान, सुविधाएं और अधिकार मिलें, तभी देश वास्तव में प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकेगा।

:: एजेंसी

# जल और वायु के बिना जीवन नहीं

जल एवं वायु के बिना संसार में किसी भी प्राणधारी के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती। यह कहना तर्कसंगत है कि जल ही जीवन है तथा वायु के बिना धरती पर जीवन असंभव है। जल एवं वायु धरती के प्राणधारियों के लिए प्रकृति की ओर से मिला अद्भुत उपहार है, लेकिन मानव द्वारा निजी स्वार्थों के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ की जा रही है। इससे मानव सहित अन्य सभी प्राणियों पर प्रदूषण का



खतरा मंडराने लगा है तथा यह भविष्य में तबाही के संकेत है। पर्यावरण गड़बड़ाने से मौसम का घटनाचक्र बदलने लगा है। धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप हिमालय पर स्थित हजारों वर्ष पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। इसलिए गर्मियों में अत्यधिक गर्मी हो जाती है तथा सर्दियों में कड़ाके की ठंड होने लगी है। कभी भयंकर सूखा पड़ जाता है। कभी इतनी अधिक बारिश हो जाती है कि जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। बादल फटने की घटनाएं आम हो गई हैं। पहाड़ दरकने लगे हैं तथा भूस्खलन से हर वर्ष काफी नुकसान होता है।

पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व है। जलवायु में बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण प्रेमी अत्यंत चिंतित हैं। भू-विज्ञान के अनुसार पृथ्वी के लगभग दो तिहाई भाग में पानी है। लेकिन यह सारा पानी पीने योग्य नहीं है जबकि शेष बचे भूभाग में जनजीवन है। यहीं उपलब्ध पानी से समस्त प्राणियों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं, मगर निरंतर प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का सबसे अधिक प्रभाव जल और वायु पर ही पड़ता है। प्रकृति से ही हो रही छेड़छाड़ से पारंपरिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में है तथा वायुमंडल पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। परिणामस्वरूप लगभग आधी से अधिक जनसंख्या के लिए नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए यह कहा जा रहा है कि धरती पर यदि तृतीय विश्व युद्ध होगा तो उसका कारण स्वच्छ पेयजल ही होगा। इसलिए देश एवं दुनिया में बिगड़ रहा पर्यावरण भविष्य के लिए कड़ी चुनौती होगी। मनुष्य शुरू से ही पर्यावरण संतुलन के प्रति संवेदनशील रहा है। सैकड़ों वर्ष पहले बुजुर्गों ने भविष्य के इस खतरे को भांप लिया था। इसलिए उन्होंने वीरान पड़ी भूमि पर विभिन्न श्रेणियों के पेड़ लगाए। इनसे प्राणधारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिल रही है। इसके साथ ही इन वृक्षों की शीतल छाया से तापमान स्थिर रहता है तथा जमीन में भी नमी बनी रहती है। एक समय था जब प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करना लोग पुण्य का कार्य समझते थे। युवा वर्ग सप्ताह-दो सप्ताह के बाद जलस्रोतों की सफाई करते थे। कर्मकांड के ज्ञाता यदि किसी व्यक्ति को ग्रह शांति का उपाय बताते थे, उनमें जलस्रोतों व रास्ते की सफाई प्रमुख होती थी। विशालकाय पीपल या वटवृक्ष के नीचे लोग प्याऊ लगाते थे। प्रतिदिन वहां रखे मिट्टी के बड़े-बड़े घड़ों में पानी भरा जाता था। बदलते समय में लोग अपने कर्त्तव्यों को भूल गए हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण नहीं हो पा रहा है। पहले कच्चे घर आंगन होने से बरसाती पानी का जमीन में रिसाव हो जाता था। इससे भी इनमें नमी बनी रहती थी। अब घर आंगन भी पक्के हैं, इससे बरसात का पानी एकदम बह जाता है। विकास की अंधी दौड़ में भी पर्यावरण प्रभावित हुआ है। लंबी चौड़ी सड?ों को पक्का करने, बड़े बड़े भवनों के निर्माण तथा कंक्रीट के बड़े-बड़े मैदानों के बनने से तापमान प्रभावित हुआ है। जमीन पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए अंधाधुंध खनन हो रहा है। इनमें प्रयोग होने वाली लकड़ी के लिए पेड़ों का कटान हो रहा है।

# पलाश के सौंदर्य से संचित 'चैत्र'

प्रकृति अद्भुत है। चार दिवस पूर्व चैत्र पूर्णिमा थी। फाल्गुन में बसंत का युवा रंग-रूप देखने के बाद अब वातावरण चैत्रप्रभाव में परिपक्व सौंदर्य से दमक रहा है। गत दस अप्रैल को उत्तर भारतीय भूभाग में वर्षा भी हुई थी। ओले भी गिरे थे। वर्षा ने नभमंडल और क्षितिज में फैली हुई अंधेरी धुंध को समाप्त कर दिया है। अब आगामी कुछ दिन तक व्योम, क्षितिज, धरा तीनों तत्त्व नवकांति के साथ उपस्थित होंगे। चैत्र की यह शोभना सीधे हृदय में उतरती है। यह शोभा हृदय तक ही सीमित नहीं रहती। यह आत्मा को भी स्पंदित करती है।

हिमालय पर्वतों के चरणों पर स्थित वनक्षेत्र इस ऋतु में आकर्षण का पर्याय बने हुए हैं। वनों में पलाश पुष्पों की सुषमाग्नि भड़की हुई है। पलाश के पुष्पगुच्छ बारंबार एक मोहजाल बुन रहे हैं। संवेदनशील व्यक्ति इस मोहजाल में फंसते हैं और आधुनिकता पर थू-थू करते हुए चैत्रगत प्रकृति, प्राकृतिक छवि पर सम्मोहित होते हैं। वन के वन पलाश के संज्ञाहीन रंग के साथ सौंदर्य-उद्यान बने हुए हैं। क्या संज्ञा दूं पलाश पुष्प के रंग को! न यह लाल है और न ही ये पूर्ण संतरी रंग वाला है। तो फिर क्या हो इसकी रंग संज्ञा! संभवतः संज्ञाहीन है ये रंग। चाहिए भी किसे ये तुच्छ संज्ञा! भौतिकता द्वारा मृतप्रायः इस लेखक की काया पलाश से आच्छादित वनभाग देखकर पुनर्जीवित हो उठी है। आहें, श्वासें, मन, प्राण, आत्मबोध, आत्मप्रेम सभी कुछ वन के अंदर जाकर रहने को व्याकुल हैं। पलाश के प्रसून नवजीवन की सुदीप्ति प्रतीत होते

> मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य मृत्यु है। आधुनिकता, प्रगति और विज्ञान के वशीभूत हो चुके अधिसंख्य मनुष्य मृत्यु के अंतिम सत्य को अपने लोभ, लालच, मोह, माया के जंजाल में उलझाकर असत्य समझते रहते हैं। इसीलिए ऐसे मनुष्य विज्ञान के उपक्रमों हेतु नष्ट की जा रही प्राकृतिक संपदा के प्रति पाषाण भाव धारण किए हुए रहते हैं।

हैं। इस नवजीवन में ही रमे रहने के संकल्प-विकल्प जीवन की चेतना में लहरा रहे हैं। शेष सभी कुछ विस्मृत है। चैत्र समय में पलाश के सुमन से सुशोभित धरा आनंद-विहार बनी हुई है। गेहूं के पके हुए स्वर्णरंगी पौधे भी पलाश की सुंदरता बढ़ाने में सहायक भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। मार्ग से सुदूर तक दिखाई देते निर्जन खेत, वन, वृक्ष, वनस्पतियां, घास-फूस के छोटे-छोटे घर इत्यादि दोपहर के सूर्यप्रकाश में करुण-रंगरूप धारण किए हुए हैं। इस नैसर्गिक मधुरिमा पर मन-प्राण एवं आत्मा सब कुछ न्यौछावर करने की अभिलाषा प्रस्फुटित होती है। ऐसा वातावरण देखकर मनोभ्रम समाप्त हैं। आधुनिकता के विचित्र-विचित्र विषों से भरा हुआ अस्तित्व विषविहीन उन्मुक्त हो उठा है। संभवतः यही स्थिति व्यक्तित्व के आनंद हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थिति है। यही, मनुष्य जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। ऐसी ही प्राप्ति के लिए मनुष्य का जन्म हुआ है। यही शिरोधार्य हो। यही किंचित संकोच के बिना हर्षातिरेक के साथ स्वीकार्य हो। इसी में प्राणों का संजीवन हो। इसी में निष्प्राण होकर ठहर जाना चाहिए। ये मुक्ति है। ये मोक्ष है। ईश्वर का चमत्कार है। ईश्वरीय कृपा, प्रसाद, आशीर्वाद, करुणा है। इसी में विलीन होने की अभीप्सा हो। आह! रे जीवन रचयिता! क्या चैत्रोत्पत्ति की है तू ने! कितना सहज वास्तविक मुक्ति-अनुभव करवा रहा है तू इस अप्रतिम चैत्र तथा इसके पलाश कुसुमों के माध्यम से! जिस समयावधि में विश्व के अधिसंख्य लोग मोबाइल फोन के दृश्यपटल पर करोड़ों-अरबों की संख्या में प्रसारित-प्रदर्शित होने वाले चलचित्रों को देख-देख कर भ्रमित हो चुके हों, वहां प्रकृति का साथ भ्रमरोग से मुक्ति का आनंदित उपाय प्रतीत होता है। एक संवेदनशील सज्जन व्यक्ति आधुनिकता के जंजाल में फंसकर यही विचार कर रहा है कि अंततोगत्वा मनुष्यजाति की दुर्दशा की पराकाष्ठा क्या होगी, जब अभी इस समय ही चहुंओर मनुष्य का जीवन भयंकर दुर्दशाओं की कारा में बंद हो चुका है। ग्राम, ग्राम्य जीवन, परिवार, रिश्ते-नाते, संबंध, परंपरा, त्योहार, उत्सव, संस्कृति सभी कुछ तो निर्मम आधुनिकता ने नष्ट कर दिया है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, मोटर वाहनों इत्यादि आधुनिक वस्तुओं के माध्यम से ओछे प्रदर्शन का पर्याय बन चुका वर्तमान मनुष्य जीवन वास्तव में मनुष्यता, जीवनत्व से हीन हो चुका है। मोबाइल फोन की विषैली अदृश्य आवृत्तियां मनुष्य का मन, हृदय, मस्तिष्क, आत्मा, भाव, विचार, सब कुछ शुष्क कर चुकी हैं। मनुष्य केवल देखने के लिए मनुष्य रह गया है। वास्तविक रूप में वह भ्रममशीन बन चुका है। अर्थव्यवस्था को सोचने, खाने, पीने, जीने वाली दुनिया भला धन-संसाधन के अतिरिक्त क्या सोचने-विचारने योग्य छोड़ेगी मनुष्य को! विश्व के अधिसंख्य लोग धन-संसाधन प्राप्त व एकत्र करने की लिप्साओं से ग्रस्त हैं। इस लोभचक्र में लोग यह भी सोचने योग्य नहीं रहे कि उनका जीवन क्षणभंगुर है। मनुष्य की काया शक्तिहीन है। उसका जीवन लघु है। उसका जीना अनिश्चित है। उसके जीवन की हरेक गतिविधि एक प्रकार की स्वप्नक्रीड़ा है।

:: चर्चित डेस्क

## आज का राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**वृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्यो को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।


**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्यों में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुम्भः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्यों की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय सम्भव।



राशि रत्न

# अखिलेश की काली कलम ने भगवान बुद्ध से लेकर बाबा साहब तक का किया अपमान : प्रभारी मंत्री असीम अरुण

## संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**





**हरदोई।** भारतीय जनता पार्टी का 'हमारा संविधान हमारा अभिमान' अभियान के अंतर्गत 15 से 28 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों में आज नगर के श्रीश चंद्र बारात घर में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की कलई खोलते हुए बताया कि पिछले छः दशकों के शासन में जो बाबा साहब और उनकी स्मृतियों को सम्मान न दे पाए, वह दल और उसके नेता आज समाज के सम्मान के लिए सड़क से संसद तक झंडा बैनर लिए नजर आ रहे हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की, एवं संचालन जिला महामंत्री ओम वर्मा ने किया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका रावत, सांसद अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती एवं जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने अपने विचार साझा किए।संगोष्ठी में राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहब जिस कद के व्यक्तित्व थे, कांग्रेस ने कभी उनको वह सम्मान नहीं दिया। नेहरू गांधी परिवार पिछड़े समाज के व्यक्ति को राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने के खिलाफ था। इसका उदाहरण जब जब बाबा साहब ने राजनीति में अपने कदम बढ़ाए ,कांग्रेस ने षडयंत्र रच उनको छलने का काम किया। 1937 में बांबे प्रेसीडेंसी का विधान सभा चुनाव हो, या 1952 का लोकसभा चुनाव, नेहरू ने अपने केंद्रीय मंत्रिमंडल तक में अर्थशास्त्र और कानून के मर्मज्ञ बाबा साहब को जानबुझकर दरकिनार किया। वही समाजवादी पार्टी ने अपने शासन में दलित समाज के चिंतकों के नाम से पहचान वाले जिलों का नाम बदलने का कार्य किया। आज वही दल जब बाबा साहब के सम्मान की लड़ाई लड़ने की बात करते है तो बात हजम नहीं होती। बाबा साहब और पिछड़े समाज का कोई असली हितैषी है तो वह भाजपा है। जिसने मरणोपरांत बाबा साहब को भारत रत्न से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के सम्मान में पांच तीर्थों को स्थापित किया। पिछड़े दलित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा।

प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत ने संगोष्ठी में कहा कि पिछड़े और दलित समाज के व्यक्ति को राजनीति से उठकर देखना है कि कौन सा राजनैतिक दल सच में उनका हितैषी है और कौन सिर्फ वोट की राजनीति कर रहा है। भाजपा संघठन 24 घंटे समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए जीजान से लगा हुआ है। भाजपा ने कभी अगड़े पिछड़े और दलित में भेद किया। भाजपा के लिए देश पहले है। कांग्रेस वहीं दल है जिसने संविधान की धज्जियां उड़ा के रख दी। बाबा साहब के संविधान को तोड़ मरोड़ कर 88 बार राष्ट्रपति शासन के जरिए चुनी हुई सरकारों को हटाने का कार्य किया। आपातकाल लगा कर जनता और प्रेस के मौलिक अधिकारों को छीना। अनुसूचित जाति आरक्षण का विरोध, मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध, अल्पसंख्यक संस्थानों में पिछड़े और दलित समाज के हक को लूटना, समान नागरिक संहिता में रोड़े अटकाना का कार्य कांग्रेस पार्टी ने किया। आज उसी दल के नेता पैजामे के पीछे की पॉकेट में बाबा साहब द्वारा निर्मित देश के ग्रन्थ को लेकर घूमते है और हवा में लहराते हुए पिछड़े समाज की लड़ाई लड़ने का दिखावा करते है।

आज की संगोष्ठी का मकसद सिर्फ पिछड़े समाज को जगाना नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग को जगाने का प्रयास है। उसे समझना होगा कि देश को बनाने में किसका सबसे बड़ा योगदान है। कांग्रेस पार्टी वंशवाद का शिकार है, पिछड़े समाज का व्यक्ति कभी वहां उच्च पद पर आसीन नहीं हो सकता। भाजपा एकमात्र ऐसा दल है जहां आम कार्यकर्ता देश का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बन सकता है, बस मेहनत से समाज की सेवा का प्रण उसका संकल्प हो। सांसद अशोक रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी सर्व समाज के सहयोग से बनी है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसका अगला अध्यक्ष किसी परिवार से नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच से निकलता है और वह किसी भी समाज का हो सकता है। इसलिए भाजपा को सभी समाज का विश्वास हासिल हुआ है। तीन बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनना जनता के आशीर्वाद से संभव हुआ। जिसमें पिछड़े और दलित समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने पिछड़े और दलित समाज को सिर्फ वोट बैंक तक सीमित रखा। कभी उसे मुख्यधारा में शामिल करने के लिए किसी योजना पर कार्य नहीं किया। आज वहीं दल अपनी खत्म होती राजनैतिक जमीन को बचाने के लिए झूठे प्रपंच कर रहे है। पिछड़े और दलित समाज में खाई खोदने का कार्य कर रहे है, लेकिन उनके मंसूबों पर हमेशा पानी ही फिरा है क्योंकि जनता को मोदी और योगी के नेतृत्व पर विश्वास है।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें बाबा साहब के दिखाए हुए मार्ग पर बढ़ते हुए देश को एकसूत्र में बांधकर विकसित भारत यात्रा की ओर अग्रसित है। भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं में सभी धर्म और जाति के लाभार्थियों को लाभ दिलाने का कार्य किया गया। पीएम मोदी के शासन काल में 8 संविधान संशोधन हुए, जो परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति को नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता को समर्पित रहे। पीएम मोदी ने बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान की 75वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक रूप में मनाने का कार्य किया। देश के सभी नागरिकों को इस अभियान के से जुड़कर अपने संविधान निर्माता के विषय में जानने और उनके सम्मान में समाज में फैली भ्रांतियों को मिटाने का मौका दिया है। हमें इसका लाभ लेकर अपनी युवा पीढ़ी को सच का सामना करना है। संगोष्ठी में बौद्ध भिक्षु भंते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने विचार साझा किए और कार्यक्रम का समापन अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष महिपाल गौतम के भाषण से संपन्न हुआ। संगोष्ठी में उपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, सतेंद्र राजपूत, जिला मंत्री अविनाश पांडे, नीतू चंद्रा, मीना वर्मा, आ?ाद भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता, सत्यम शुक्ल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता, नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई, निवर्तमान नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, मीनाकुमारी, निधि सिंह, अनुराधा मिश्र, सुहाना जैन, शोभना सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी प्रद्युम्न आनंद, अनुराग श्रीवास्तव आदि।

# बेनीगंज युवक हत्याकांड में चार आरोपी और पुलिस ने किए गिरफ्तार



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

- **घटना में संलिप्त 19 आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है, अभियुक्तों की गिरफ्तारी के किये जा रहे सार्थक प्रयास**

**हरदोई।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के भैनगांव में 7 अप्रैल की दोपहर में फेरी लगाने वाले युवक को घेर कर डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस उक्त हत्याकांड में 19 आरोपियों को पूर्व में जेल भेज चुकी है।प्राप्त विवरण में 7 अप्रैल को थाना बेनीगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैनगाँव में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर थाना बेनीगंज पुलिस मौके पर पहुँची। जहाँ पर एक व्यक्ति सरपंच महावत को 12 नामजद व 25-30 अज्ञात लोगों द्वारा लाठी-डण्डों से सिर पर वार कर घायल कर दिया था। थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से घायल सरपंच उपरोक्त को सीएचसी कोथावाँ भेजा गया। जहाँ पर सरपंच उपरोक्त को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पत्नी निर्मल पत्नी स्व0 सरपंच निवासी ग्राम अटिया मंझिगवां थाना बेनीगंज वर्तमान पता पलियापुरवा थाना खीरी जनपद लखीमपुर खीरी की तहरीर के आधार पर थाना बेनीगंज पुलिस ने 12 नामजद और 25 30 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस टीम को घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना बेनीगंज के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण बली सिंह व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद हत्यारोपी मुल्ला पुत्र किशोर,बसंत पुत्र रामपाल तथा प्रकाश में आए सौरभ पुत्र रामपाल और अजय पुत्र सर्वेश सर्व निवासी गण ग्राम नटपुरवा मजरा अटिया मझिगवां थाना बेनीगंज को गिरफ्तार किया गया है। घटना में संलिप्त 19 आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार चारों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।

# युवक से कुकर्म करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** संडीला कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित शीतला माता मंदिर के निकट से 13 अप्रैल की रात एक 20 वर्षीय युवक को कस्बा संडीला के ही तीन युवकों ने बाइक पर बैठा कर जंगल में लाकर बारी बारी कुकर्म किया।इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 16 अप्रैल को पीड़ित युवक द्वारा थाना संडीला पर तहरीर दी गयी कि नावेद पुत्र जुनैद अंसारी,अजीज पुत्र सुलेमान और अयान पुत्र रफीक कुरैशी द्वारा उसके साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।थाना संडीला के उपनिरीक्षक नीरज कुमार व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी नावेद पुत्र जुनैद अंसारी निवासी पुरानी तहसील मोहल्ला मलकाना कस्बा व थाना संडीला, अजीज पुत्र सुलेमान और अयान पुत्र रफीक कुरैशी निवासीगण मोहल्ला मलकाना इमलियाबाग को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार कुकर्म करने के आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# बच्चों की प्रतिभा निखारने में शिक्षक और अभिभावक की भूमिका अहम : सुनील कुमार



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** विकासखंड सांडी के प्राथमिक विद्यालय तड़ौरा में गुरुवार को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोस्त्व कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने दीप प्रज्जवलन व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि श्री कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, शिक्षक और अभिभावक मिलकर इनको निखारने का काम करें।शिक्षक अजीत शुक्ल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जितनी भूमिका शिक्षक की है उतनी ही उनके माता-पिता की भी है। दोनों का समवेत प्रयास बच्चों की प्रगति में सहायक होगा।वार्षिकोत्सव में वार्षिक परीक्षा में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा एक में नवीन नामांकन करने वाले बच्चों को भी पुस्तक देकर पढाई के प्रति प्रेरित किया गया। पांचवी कक्षा उत्तीर्ण कर चुके बच्चों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिवांशु दुबे, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आयुष दुबे व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा चांदनी को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय में बेहतर कार्य करने के लिए शिक्षा मित्र विनोद कुमार व अर्जुन सिंह को विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संतोष यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव,शिक्षक विजय वर्मा, अभिभावक राम मुरारी, नरेश कुमार, राजीव कुमार, मंजू यादव, उर्मिला देवी, अनीता देवी व जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डॉ नन्द किशोर को दी गयी भावभीनी विदाई



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** विगत दिवस देर शाम एक होटल में संयुक्त निदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर को भावभीनी विदाई दी। जनपद हरदोई में उपनिदेशक कृषि के रुप में कार्यरत रहे डॉ नन्द किशोर अब अलीगढ़ मण्डल में संयुक्त निदेशक कृषि के रुप में अपनी सेवाएं देंगे। विदाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने संयुक्त निदेशक को पुष्प गुच्छ भेंट किया। उन्होंने डॉ नन्द किशोर को शाल उड़ाई व राम दरबार की प्रतिमा भेंट की। मुख्य विकास अधिकारी ने डॉ नन्द किशोर को भगवान कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। जिलाधिकारी ने भावुक होकर अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त निदेशक कृषि कभी भी निराश न होने वाले अधिकारी रहे। उन्होंने अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा व तन्मयता के साथ निर्वहन किया।

जिलाधिकारी ने उदाहरणों के माध्यम से डॉ नन्दकिशोर के बेदाग कार्यकाल पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि उपनिदेशक कृषि के रुप में डॉ नन्द किशोर सभी विभागों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते थे। अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने कहा कि उपनिदेशक कृषि का पूरा कार्यकाल बेदाग रहा। अन्य अधिकारियों ने भी उपनिदेशक कृषि के साथ अपने यादगार लम्हों को रखा। अंतिम वक्ता के रुप में अपनी बात रखते हुए संयुक्त निदेशक कृषि ने कहा कि जब उन्होंने कृषि विभाग में सेवा शुरू की थी उस समय उनके जिलाधिकारी जी के मित्तल जी थे जो एक बेहतरीन जिलाधिकारी थे और कार्यकाल के अंतिम पड़ाव पर पर मंगला प्रसाद सिंह के रुप में ऐसे जिलाधिकारी मिले जिन्हे मानवीय संवेदना और प्रशासकीय क्षमता के मामले में उनके समकक्ष रखा जा सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी को उन पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## दो बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बे के एक मोहल्ले से घर मोबाइल सही कराने के बहाने दो बच्चों को मां अपने प्रेमी के साथ चली गई।पीड़ित पति को लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर विवाहिता की तलाश शुरू की है।पीड़ित पति के अनुसार 28 वर्षीय पत्नी 13 अप्रैल को दोपहर में 5 वर्ष का पुत्र और दो वर्ष की पुत्री को घर पर छोड़कर मोबाइल सही कराने की बहाने से गई थी।तब से अब तक वापस नहीं लौट कर आई है।उसकी पत्नी को शाहजहांपुर जनपद के रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटिया कम्मू निवासी मुईन पुत्र नईम बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पत्नी घर में रखा पचास हजार रुपए का जेवर और दो हजार की नगदी लेकर गई है।पुलिस ने पति की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## देशी पिस्टल सहित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरदोई, चसं।** सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम गुर्रा निवासी युवक को पुलिस ने देशी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण/बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सांडी के उपनिरीक्षक सुशील कुमार, अंकुर कुमार व पुलिस बल द्वारा मो. शरीफ उर्फ कक्कू पुत्र रियासुद्दीन निवासी ग्राम गुर्रा थाना सांडी को देशी पिस्टल 7.65 एमएम व 2 अदद जिंदा कारतूस 7.65 एमएम सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना सांडी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पर शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है।

## बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल करने वाले ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूंसेपुर लुकमान निवासी युवक को 26 मार्च को बाइक से शाहाबाद आते समय ट्रैक्टर ट्राली चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित सुनील कुमार द्विवेदी पुत्र गंगा प्रसाद के अनुसार वह 26 मार्च को बाइक से शाहाबाद आ रहा था।तभी खेत से मेन रोड पर ट्रैक्टर ट्राली चालक मेवाराम ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।जिससे वह घायल हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उसे इलाज हेतु सीएचसी भेजा था।उसने घटना की लिखित तहरीर 29 मार्च को कोतवाली पुलिस को दी थी।पुलिस ने दोनों पक्षों में सुलह करवाने का प्रयास किया था।लेकिन ट्रैक्टर चालक ने न तो उसकी बाइक सही करवाई न ही उसका इलाज करवाया।कोतवाली प्लीज ने पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर ट्राली चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दो युवतियां लापता, आरोपियों पर रिपोर्ट

**हरदोई, चसं।** जनपद के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों से दो युवतियों के लापता होने के मामले में संबंधित थाना पुलिस ने परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवतियों की तलाश शुरू की है।मल्लावां थाना क्षेत्र निवासी युवती की मां के अनुसार 14 अप्रैल को उसकी 22 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के ग्राम मटियामऊ निवासी दीपचंद्र पुत्र श्रीपाल बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसने काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला।संडीला कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती के भाई के अनुसार उसकी 20 वर्षीय बहन 12 अप्रैल की शाम को 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है।उसने अपनी बहन को काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं लग पाया है।उसे शक है कोई व्यक्ति उसकी बहन को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।दोनों युवतियों के परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवतियों की तलाश शुरू कर दी है।

## हरदोई में एक और लुटेरी दुल्हन जेवर लेकर फरार

**हरदोई, चसं।** जनपद में लुटेरी दुल्हनों द्वारा लूटपाट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।अभी कुछ दिन पूर्व कोतवाली शहर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गिरोह की तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।एक मामला हरपालपुर कोतवाली के कस्बे का है जहां शादी के एक माह बाद दुल्हन घर से जेवर और नगदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित नयन सिंह पुत्र शैलेंद्र सिंह के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के ग्राम नादखेडा निवासी मझवा फूलचंद ने पुष्पा,अनिता पत्नी श्रवण कुमार के साथ मिलकर 65000 रुपए लेकर उसका विवाह 11 मार्च को फर्रुखाबाद जिले के गुडगांव मंदिर में साधना नाम की युवती से करवाया था। विवाह के बाद वह पत्नी को लेकर हरपालपुर घर आ गया था।10 अप्रैल को बोलेरो संख्या यूपी 40 बीसी 0749 से पुष्पा,अनिता और श्रवण कुमार उसके घर आए और 11 मई को परिवार में विवाह का निमंत्रण पत्र देकर साधना को उनके साथ भेजने को कहे। उसने विवाह में स्वयं अपने साथ पत्नी को लाने की बात कही। तो वह लोग घर से चले गए लेकिन हरपालपुर कस्बे में ही रुके रहे।11 अप्रैल की रात में उसकी पत्नी साधना घर से सारा जेवर और नगदी लेकर उन लोगों के साथ फरार हो गई। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लुटेरी दुल्हन से विवाह करवाने वाला मझवा गिरफ्तार



**हरदोई, चसं।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के कस्बे निवासी युवक से रुपए लेकर उसका विवाह करवाने और विवाह के एक माह बाद दुल्हन द्वारा जेवर और नगदी लेकर फरार हो जाने के मामले में पुलिस ने विवाह करवाने वाले मझवा को गिरफतार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 16 अप्रैल को नमन सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर द्वारा थाने पर तहरीर दी गई कि फूलचन्द्र पुत्र मदारी निवासी ग्राम बेरुआपुर थाना पाली व 05 अन्य नामजद द्वारा की वादी से रुपया लेकर उसकी शादी एक लडकी साधना से कराई थी, जिसे वह अपने घर पर ले आया था तथा रात में मौका पाकर साधना घर से रुपये व आभूषण लेकर घर से फरार हो गई। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।थाना हरपालपुर के उपनिरीक्षक जुनैद खां व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित आरोपी मझवा फूलचन्द्र पुत्र मदारी निवासी ग्राम बेरुआपुर थाना पाली को गिरफ्तार किया गया । शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

## दो विवाहिताओं ने ससुराली जनों पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**हरदोई, चसं।** जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्र निवासी दो विवाहिताओं ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। लोनार थाना क्षेत्र के ग्राम सरंगापुर जटौली निवासी मानसिंह की पत्नी रिंकी के अनुसार उसका विवाह 12 दिसंबर 2020 को हुआ था।उसके घरवालों ने हैसियत मुताबिक दान दहेज दिया था।लेकिन अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन और पचास हजार रुपए की मांग को लेकर उसका पति,ससुर,देवर श्यामू,सास शांती आए दिन उसे मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं।

8 जनवरी को विपक्षियों ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया तब से वह अपने मायके में रह रही है।पाली थाना क्षेत्र के ग्राम चक फरिगहन निवासी विवाहिता की मां के अनुसार उसने अपनी पुत्री फूलन देवी का विवाह पांच वर्ष पूर्व फर्रुखाबाद जनपद के कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी गंगाराम के पुत्र सुरेंद्र राजपूत के साथ किया था।दहेज में बाइक और अन्य सामान भी दिया था।शादी के बाद कुछ दिन सब ठीक चलता रहा।उसके बाद उसका दामाद,पुत्री का जेठ भूरा,जेठानी और भतीजी नीलम दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और तीन लाख रुपए की मांग को लेकर उसकी पुत्री को मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।12 अप्रैल को विपक्षियों ने उसकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर काफी मारा पीटा और उसे घर से निकाल दिया।विपक्षी बिना दहेज की मांग पूरी किए उसकी पुत्री को घर में न घुसने देने की धमकी दे रहे हैं।दहेज उत्पीड़न के दोनो मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्टफोन बना भारत का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद, डीजल को भी पछाड़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल से जनवरी के बीच भारत से सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तु के रूप में स्मार्टफोन ने डीजल ईंधन को पीछे छोड़ दिया है। वाणिज्य विभाग के अनुसार, इस अवधि में भारत से 18.31 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात किए गए, जबकि डीजल का निर्यात 16.04 अरब डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष (2024) की इसी अवधि में स्मार्टफोन निर्यात में चौथे स्थान पर थे लेकिन अब उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्मार्टफोन के निर्यात में 54.7: की बढ़त दर्ज की गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 11.83 अरब डॉलर था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह उछाल अमेरिका को निर्यात बढ़ने की वजह से भी है। जनवरी 2025 में, अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में 208: की वृद्धि हुई, जो 1.63 अरब डॉलर तक पहुंच गया। एप्रिल से जनवरी के दौरान अमेरिका को कुल स्मार्टफोन निर्यात 64: बढ़कर 6.6 अरब डॉलर हो गया। स्मार्टफोन निर्यात की यह छलांग अभूतपूर्व है। 2014 में यह उत्पाद 167वें स्थान पर था। 2020 में पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना आने के बाद इसमें जबरदस्त तेजी आई। सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 में स्मार्टफोन निर्यात 24 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जिसमें से करीब दो-तिहाई योगदान केवल ऐपल पचीवदम का होगा (1.5 लाख करोड़ रुपये)। ऐपल अब अपने कुल वैश्विक उत्पादन का 20: भारत में कर रहा है।

### मार्केटिंग एक्सपर्ट ईशान गोयल का वायरल सिद्धांत परफेक्ट मेमोरी है बेस्ट मार्केटिंग टूल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहे एक मजेदार लेख में, मार्केटिंग स्ट्रैटजिस्ट ईशान गोयल ने कस्टमर से जुड़ने के लिए एक नया आइडिया दिया है जिसमें उन्होंने रिश्तों और मार्केटिंग तकनीकों के बीच एक अनोखा कनेक्शन बताया है। गोयल के चित्रगुप्त पुरुष कौन कहता है? नाम के आर्टिकल में हिंदू मान्यता के उस रिकॉर्ड-कीपर का जिक्र है जो हर इंसान के हर काम का हिसाब रखता है। गोयल ने इस पुरानी मान्यता को एक नया मोड़ देते हुए कहा है कि चित्रगुप्त शायद एक औरत हो सकती है, क्योंकि उनमें हर बात को इतनी सटीकता से याद रखने की अद्भुत क्षमता है। सिर्फएक औरत में ही आपकी जिंदगी के हर पल को डरावनी परफेक्शन के साथ याद रखने और जोड़ने की सुपर पावर होती है, गोयल लिखते हैं, और इसे एक रिलेटेबल घरेलू सीन से समझाते हैं। आप 2025 में किसी बात पर बहस कर रहे हैं, और अचानक वह कहती है, मुझे फीलिंग्स के बारे में मत बताओ! मेरी फीलिंग्स रविवार, 12 जुलाई, 2015 को रात 11.43 बजे शुरू हुई थीं जब तुम फूल लाने का प्रॉमिस करके खाली हाथ घर आए थे। और हां, उस रात चांद घटता हुआ था। यह मजेदार बात उस चीज की नींव है जिसे गोयल अपने करियर में सीखा सबसे पावरफुल मार्केटिंग लेसन बताते हैं-अपना मैसेज देने से पहले कनेक्शन बनाने का महत्व। मार्केटिंग एक्सपर्ट्स हमेशा से स्टोरीटेलिंग के वैल्यू पर जोर देते आए हैं, लेकिन गोयल का एप्रोच एक खास पहलू पर लाइट डालता है जो अक्सर बिजनेस कम्युनिकेशन में मिस हो जाता है। उनके अनुसार, असली पावर ऐसी कहानियां बनाने में है जिन्हें ऑडियंस तुरंत अपनी लाइफसे कनेक्ट कर सके। जब आप अपने ऑडियंस को ऐसी स्टोरी से हुक कर सकते हैं जिसे वे अपनी लाइफसे पहचानते हैं, जब वे सोचते हुए हां में सिर हिलाते हैं यह बिल्कुल मेरा एक्सपीरियंस है, तब आपने रियल कनेक्शन की नींव रख ली है, गोयल समझाते हैं। सिर्फइसके बाद ही आपको अपना मैसेज देना चाहिए। इंडस्ट्री एनालिस्ट्स कहते हैं कि यह एप्रोच आधुनिक मार्केटिंग रिसर्च से मेल खाता है जो बताता है कि कंज्यूमर बिहेवियर में लॉजिकल डिसीजन से पहले इमोशनल कनेक्शन आता है। यह तकनीक खासतौर पर डिजिटल मार्केटिंग में काम आती है जहां इन्फॉर्मेशन ओवरलोड के बीच अटेंशन पाना बड़ी चौलेंज है। गोयल अपने आर्टिकल का अंत मार्केटर्स को कैंपेन लॉन्च करने से पहले एक बेसिक सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करते हुए करते हैं। क्या मैंने अपने ऑडियंस को पहले फील कराया है कि मैं उन्हें समझता हूं? क्या मैंने उनके अटेंशन का राइट अर्न किया है? डेटा-ड्रिवन एप्रोच से भरे मीडिया वर्ल्ड में, गोयल का मिथक-प्रेरित इनसाइट एक रिमाइंडर है कि ह्यूमन साइकोलॉजी को समझना और जेन्युइन कनेक्शन बनाना अभी भी इफेक्टिव मार्केटिंग का दिल है।

### उपभोक्ता और रिटेल सेक्टर में तीन साल की ऊंचाई पर डील वॉल्यूम : ग्रांट थॉर्नटन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** 2025 की पहली तिमाही में भारत के उपभोक्ता और रिटेल सेक्टर ने बीते तीन वर्षों में सबसे अधिक डील वॉल्यूम दर्ज किया है। ग्रांट थॉर्नटन भारत की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह तेजी प्राइवेट इक्विटी और मर्जर-अधिग्रहण (एम-ए) गतिविधियों में व्यापक सुधार के बीच देखी गई है। इस दौरान 139 सौदे हुए, जिनकी कुल वैल्यू 3.8 अरब डॉलर रही। यह आंकड़ा पिछले तिमाही की तुलना में डील वॉल्यूम में 65: और डील वैल्यू में 29: की बढ़ोतरी दर्शाता है। छोटे सौदों की भरमार और दो बड़े-बड़े बिलियन डॉलर के सौदों ने इस प्रदर्शन को मजबूती दी। तेमासेक ने हल्दीराम में 10: हिस्सेदारी के लिए 1 अरब डॉलर का निवेश किया दू यह भारत के पैकेज्ड फूड सेक्टर की अब तक की सबसे बड़ी डील मानी जा रही है। विलमर इंटरनेशनल (सिंगापुर) ने अडानी विलमर के स्टेपल बिजनेस का 1.44 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया। ग्रांट थॉर्नटन की पार्टनर शांति विजेता ने बताया, प्राइवेट इक्विटी निवेश विभिन्न क्षेत्रों में फैले रहे, लेकिन उपभोक्ता और रिटेल सेक्टर ने डील वॉल्यूम में 28: और वैल्यू में 18: का योगदान दिया।÷ रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कुल पीई/वीसी सौदे 408 रहे, जिनकी कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर रही, जो पिछले 11 तिमाहियों में सबसे ऊंचा आंकड़ा है। ई-कॉमर्स, वस्त्र, फैशन, और पर्सनल केयर जैसे सेगमेंट ने कुल डील वॉल्यूम का 63: हिस्सा लिया। हालांकि, औसत डील साइज 34.8 मिलियन डॉलर से घटकर 27.2 मिलियन डॉलर रह गया। ग्रांट थॉर्नटन के पार्टनर विशाल अग्रवाल ने कहा, भारतीय पूंजी बाजार में फिलहाल धीमापन है, जिससे संकेत मिलता है कि वैल्यूएशन को यथार्थ स्तर पर आना होगा ताकि निवेशकों की रुचि फिर से बढ़े। हालांकि अमेरिका में टैरिफको लेकर अनिश्चितता अब भी बनी हुई है।

### 1300 अंक उछला सेंसेक्स 78,300 के पार पहुंचा, निफ्टी में भी 357 अंक की तेजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज यानी गुरुवार, 17 अप्रैल को गिरावट के बाद रिकवरी हुई है। सेंसेक्स करीब 1313 अंक ऊपर 78,358 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 357 अंक की तेजी है। ये 23,794 के पार पहुंच गया है। सुबह सेंसेक्स में करीब 350 अंकों की गिरावट थी। कल यानी बुधवार, 16 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट के बाद तेजी रही। सेंसेक्स 309 अंक चढ़कर 77,044 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसमें 500 अंक की रिकवरी हुई। निफ्टी में भी 109 अंक की तेजी रही, ये 23,437 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसमें 164 अंक की रिकवरी आई।

### वीएम हॉल ने एमएम हॉल को 1-0 से हराकर इंटर हॉल हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता

**अलीगढ़, चसं।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में खेली जा रही इंटरहाल हाकी प्रतियोगिता के फाइनल में वीएम हॉल ने इंटर हॉल हॉकी टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में वीएम हॉल ने एमएम हॉल को कड़े संघर्ष में 1-0 से हराया। इस रोमांचक मुकाबले का एकमात्र और निर्णायक गोल मोहित ने किया, जिसने वीएम हॉल की जीत को सुनिश्चित किया। मुख्य अतिथि प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान ने फाइनल मुकाबले की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में उन्होंने दोनों टीमों के जुनून, प्रतिबद्धता और खेल भावना की सराहना की और कहा कि खेल न केवल अनुशासन और टीमवर्क सिखाते हैं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों से विश्वविद्यालय की खेल सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने और सक्रिय रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। प्रो. खान ने कहा कि आज के मुकाबले में दिखा जुनून एएमयू की गौरवशाली खेल विरासत का प्रतीक है। खेल हमारे छात्रों को न सिर्फशारीरिक रूप से फिट रखते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व और धैर्य भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और टूर्नामेंट में विशेष योगदान देने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

# मुम्बई इन्डियन्स ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**मुम्बई।** आईपीएल 2025 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराकर मैच अपने नाम किया। मुंबई की यह लगातार दूसरी जीत है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 18.1 ओवर में 166 रन बनाकर मैच जीता। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतने के साथ ही पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दोनों ही टीमों की प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

**मुंबई इंडियंस ने पकड़ी जीत की राह, हैदराबाद को हराकर प्वाइंट्स टेबल में मचाई खलबली :** आईपीएल 2025 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हुआ। मुंबई ने इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 18.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वह कोलकाता से नेट रन रेट से पीछे है।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हैदराबाद को पहले बल्लेबाजी मिलने के बाद फैंस को उम्मीद थी कि वानखेड़े में बड़ा स्कोर बनेगा, लेकिन हुआ पूरा उल्टा। पहले ही ओवर में हैदराबाद के दोनों सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। हालांकि, अभिषेक शर्मा और हेड दोनों ही इसका फायदा नहीं उठा सके। अभिषेक 28 गेंद पर 40 रन और 29 गेंद पर हेड ने 29 रन की पारियां खेली। हैरानी की बात रही कि दोनों के बल्ले से एक भी सिक्स नहीं निकला। ईशान किशन ने एक बार फिर निराश किया और वह दो रन बनाकर आउट हो गए। धीमी पिच पर हैदराबाद के बल्लेबाज बेबस दिखे। नीतीश रेड्डी ने 19 रन का योगदान दिया। हेनरिक क्लासेन ने इस मैच का पहला सिक्स जड़ा। बुमराह का शिकार बनने से पहले क्लासेन ने 28 गेंद पर 37 रन की पारी खेली। अनिकेत वर्मा ने 8 गेंद पर नाबाद 18 रन बनाए। मुंबई की तरफ से विल जैक्स ने दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में उतरी मुंबई इंडियंस की टीम ने तेज शुरुआत की। रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद पर 26 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान रोहित ने तीन सिक्स लगाए। रिकल्टन ने 23 गेंद पर 31 रन का योगदान दिया। सूर्यकुमार 26 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 36 रन की पारी खेली। इसके बाद तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। आखिर में जब टीम को 1 रन चाहिए था दो विकेट गिरे, हालांकि, तिलक ने चौका लगाकर मैच खत्म किया। हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने तीन सफलता हासिल की। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वह नेट रन रेट के मामले में कोलकाता से पीछे है। हैदराबाद 9वें स्थान पर ही काबिज है।

**एक गेंद पर 2 बार आउट हुए ट्रेविस हेड, पर नहीं लौटे पवेलियन, बना दिया शर्मनाक रिकॉर्ड :** वानखेड़े स्टेडियम में आज गुरुवार को आईपीएल 2025 का 33वां मैच खेला जा रहा है। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इस टक्कर में हार्दिक पांड्या ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा और ट्रेविड हेड बल्लेबाजी करने मैदान पर आए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 59 रनों की पार्टनरशिप भी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में आज, गुरुवार को आईपीएल 2025 का 33वां मैच खेला गया। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इस टक्कर में हार्दिक पांड्या ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा और ट्रेविड हेड बल्लेबाजी करने मैदान पर आए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 59 रनों की पार्टनरशिप भी हुई। हार्दिक पांड्या ने इस पार्टनरशिप को तोड़ा। उन्होंने 8वें ओवर की तीसरी गेंद पर शर्मा को पवेलियन भेज दिया। अभिषेक ने 28 गेंदों पर 40 रन कूट दिए। इसके बाद 10वां ओवर करने आए हार्दिक से बड़ी गलती हो गई। ऐसे में ट्रेविस हेड एक गेंद पर 2 बार आउट हुए पर उन्हें पवेलियन नहीं जाना पड़ा। 10वें ओवर की चौथी गेंद पर ट्रेविड हेड कैच आउट हुए। मुंबई ने इस विकेट का जश्न मनाना भी शुरू कर दिया था, तभी मैदान पर बजे एक सायरन ने सभी को निराश कर दिया। अंपायर ने नो बॉल का इशारा किया। हार्दिक ने अंपायर जयरामन मदनगोपाल से जांच की और अपने रन-अप की ओर वापस जाने लगे। हार्दिक ने फिर से यह गेंद फेंकी। इस बार फिर हेड ने हवाई फायर किया और उनका कैच पकड़ा। चूंकि, यह नो बॉल थी ऐसे में हेड एक बार फिर बच गए। हेड को जब जीवनदान मिला तब वह 24 रन बनाकर खेल रहे थे। हालांकि, ट्रेविस हेड इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने 3 चौकों की मदद से 29 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली। इस धीमी पारी के साथ ही हेड ने एक अनचाहा रिकॉर्ड भी बना दिया है। यह आईपीएल इतिहास में ट्रेविस हेड की सबसे धीमी पारी है। इसके अलावा हेड ने एक बेहतरीन रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।



**वानखेड़े में हिटमैन का हुआ स्वैग से स्वागत :** मुंबई के वानखेड़े स?टेडियम में आज मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है। आईपीएल 2025 के इस 33वें मैच में मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मुकाबला शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को सम्मानित किया गया। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने रोहित शर्मा को स्मृति चिन्ह दिया। रोहित के इस सम्मान का वीडियो आईपीएल के एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया है। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा गया, मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा को बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी से विशेष स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ। इसके साथ

**■ सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया**

> मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हैदराबाद को पहले बल्लेबाजी मिलने के बाद फैंस को उम्मीद थी कि वानखेड़े में बड़ा स्कोर बनेगा, लेकिन हुआ पूरा उल्टा। पहले ही ओवर में हैदराबाद के दोनों सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला।

ही रोहित आईपीएल 2025 में सम्मानित होने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर बन गए हैं। इससे पहले विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी को भी सम्मानित किया जा चुका है। रोहित शर्मा आईपीएल के पहले सीजन से लीग का हिस्सा हैं। वह लीग में दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत डेक्कन चार्जर्स से की थी। पहले 3 सीजन पर इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे थे। इसके बाद रोहित मुंबई इंडियंस से जुड़ गए थे। 2011 से रोहित लगातार मुंबई के लिए खेल रहे हैं। रोहित शर्मा ने आईपीएल में अब तक 262 मैच खेले हैं। इस दौरान 257 पारियों में उन्होंने 29.31 की औसत और 131.18 की स्ट्राइक रेट से 6684 रन बनाए हैं। लीग में रोहित ने 2 शतक के साथ ही 43 अर्धशतक भी लगाए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं। विराट 258 मुकाबलों में 8252 रन जड़ चुके हैं। वहीं शिखर धवन ने 222 मुकाबलों में 6769 रन बनाए हैं। रोहित जल्द ही धवन को पछाड़ सकते हैं।

**अभिषेक-नीतीश को मिल सकता है सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट :** युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और नीतीश रेड्डी को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया जा सकता है। बीसीसीआई जल्द ही भारतीय टीम के केंद्रीय अनुबंध की घोषणा कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, इसमें बड़े फेरबदल की संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ नए खिलाड़ियों को मौका दिए जाने की उम्मीद है। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने पिछले दिनों बेहतरीन प्रदर्शन किया है और उन्हें ग्रेड सी में जगह मिलने की उम्मीद है। इस ग्रेड के तहत खिलाड़ियों को सालाना एक करोड़ रुपये मिलते हैं। इसके अलावा ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी भी सूची में शामिल हो सकते हैं। आंध्र प्रदेश के इस खिलाड़ी ने अब तक पांच टेस्ट और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की सभी पांच टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया था। हर्षित राणा का नाम भी चर्चा में है, जिन्होंने अब तक दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है। साथ ही वरुण चक्रवर्ती और श्रेयस अय्यर के नाम भी इस सूची में शामिल होने की उम्मीद है। श्रेयस व ईशान किशन को पिछले साल केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था।

**दिल्ली कैपिटल्स के कोच पर गिरी गाज, बीसीसीआई ने ठोंका मोटा जुर्माना :** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 32वां मैच टाई रहा था। सुपर ओवर में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को मात दी थी। इस मैच में यूं तो भरपूर रोमांच देखने को मिला। आईपीएल 2025 में पहली बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए टीम के सपोर्ट स्टाफ के मेंबर को सजा दी। आईपीएल ने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना लगाया है। मुनाफ पटेल को आचार संहिता का पालन न करने के कारण एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया। साथ ही मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, मुनाफ पटेल ने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया। यह खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। मुनाफ ने मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। हालांकि आईपीएल ने अपराध की प्रकृति को स्पष्ट नहीं किया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि मैच के दौरान मुनाफ पटेल की चौथे अंपायर के साथ हुई तीखी बहस हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है मुनाफ पटेल और अंपायर के बीच बहस हो रही है। 18वें सीजन में ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब दिल?ली कैपिटल्स पर कार्रवाई हुई हो। इससे पहले टीम के कप्तान अक्षर पटेल पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने छठे मैच के बाद स्लो ओवर-रेट के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। बुधवार रात को दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रोमांचक टक्कर देखने को मिली। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दोनों टीम 188 रन ही बना सकीं। इससे खेल सुपर ओवर में चला गया। दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की और राजस्थान रॉयल्स को सिर्फ 11 रन पर रोक दिया। इसके बाद केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने सिर्फ चार गेंदों में लक्ष्य हासिल कर मेजबान टीम को रोमांचक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के 10 अंक हो गए हैं और टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। दिल्ली ने 18वें सीजन में अब तक 6 मैच खेले हैं और 5 पर कब्जा जमाया है। वहीं शुक्रवार यानि आज आईपीएल 2025 के 34वें मुकाबले में मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का मुकाबला पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। दोनों टीमें फिलहाल अच्छी फॉर्म में चल रही हैं और छह में से चार-चार मुकाबले जीतकर आईपीएल अंक तालिका में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज हैं। कोहली का पीबीकेएस के खिलाफ रिकॉर्ड बहुत बेहतरीन रहा है।

# 'ब्लू स्टार ने 150 मॉडलों की व्यापक रेन्ज के रूम एसी लॉन्च किये'

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** ब्लू स्टार लिमिटेड ने आगामी गर्मी के मौसम के लिए आज रूम एसी के 150 मॉडलों की एक नई व्यापक रेंज को पेश किया, जिसमें फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज भी शामिल है। इस लाइनअप में इनवर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी शामिल हैं, जो सभी मूल्य बिंदुओं पर हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि के कारण रूम एसी की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा, टियर 3, 4 और 5 बाजारों में बढ़ती मांग, पुराने के स्थान पर नया एसी लेने वाले खरीदारों और अतिरिक्त कमरों के लिए एसी खरीदने वाले ग्राहकों से भी इस वृद्धि को बल मिल रहा है। अनुमानों के अनुसार, भारत का एसी उद्योग वित्त वर्ष 2030 तक दोगुना हो जाएगा। बाजारों में बढ़ती मांग को देखते हुए ब्लू स्टार ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास और नवाचार क्षमताओं का लाभ उठाकर नए और उत्कृष्ट एसी लॉन्च किए हैं। 2025 के लिए नए एयर कंडीशनर की रेंज कंपनी ने 3-स्टार और 5-स्टार श्रेणियों में उच्च कूलिंग प्रदर्शन वाले कई मॉडल लॉन्च किए हैं। ये मॉडल 0.8 टन से 4 टन तक की कूलिंग क्षमता में उपलब्ध हैं, जिनकी आकर्षक कीमत 28,990 से शुरू होती है। इस रेंज में लगभग 40 स्मार्ट वाई-फाई एसी मॉडल शामिल हैं, जो कस्टमाइज्ड स्लीप जैसी स्मार्ट सुविधाओं से लैस हैं। ग्राहक 12 घंटे के लिए तापमान, फैन स्पीड और मोड को पहले से सेट कर सकते हैं। अँग्रेजी या हिन्दी में वॉयस कमांड तकनीक के साथ, ग्राहक एलेक्सा या गूगल होम के माध्यम से एसी का संचालन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा प्रबंधन सुविधा एसी की ऊर्जा खपत पर पूर्ण नियंत्रण प्रदान करती



है, जिससे एसी के उपयोग को ट्रैक करने, नियंत्रित करने और सीमित करने की सुविधा मिलती है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक ऊर्जा की खपत नहीं होती है। नवीनतम एसी में कई शक्तिशाली विशेषताएं हैं, जिनमें 'एआई प्रो प्लस' नामक एक जटिल एल्गोरिदम शामिल है जो आराम को अधिकतम करने के लिए विभिन्न मापदंडों को समायोजित और मॉनिटर करता है। इसके अलावा, डिफ्रॉस्ट क्लीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से इनडोर यूनिट की सफाई और प्रदर्शन में सुधार होता है। कंपनी ने सुपर एनर्जी-एफिशिएंट एसी, हेवी-ड्यूटी एसी, हॉट एंड कोल्ड एसी और एंटी-वायरस टेक्नोलॉजी वाले एसी जैसे प्रमुख मॉडल भी लॉन्च किए हैं। इन मॉडलों में अत्यधिक ऊर्जा दक्षता और तीव्र कूलिंग प्रदर्शन की विशेषताएं हैं।

एक और बेहतरीन विशेषता है डीफ्रॉस्ट क्लीन टेक्नोलॉजी, जो तीन चरणों वाली प्रक्रिया है जिसे एसी की इनडोर यूनिट को साफरखने और बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी शुरुआत कॉइल को फ्रॉस्ट करने से होती है, उसके बाद पिघलने और सूखने की प्रक्रिया होती है, जिससे प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है और इसकी उम्र बढ़ जाती है। इसके अलावा, सभी ब्लू स्टार इन्वर्टर एसी स्मार्ट रेडी हैं और इन्हें एक अलग स्मार्ट मॉड्यूल जोड़कर स्मार्ट एसी में अपग्रेड किया जा सकता है। इसके अलावा, इनमें कुछ और विशेषताएं भी शामिल हैं, जैसे कि तेज ठंडक के लिए टर्बो कूल, और कन्वर्टिबल 6-इन-1 कूलिंग, जो ग्राहकों को कूलिंग क्षमता को ऊपर या नीचे समायोजित करने की सुविधा देती है। इसके साथ ही, नैनो ब्लू प्रोटेक्ट टेक्नोलॉजी और हाइड्रोफिलिक ब्लू फिन कोटिंग का उपयोग आईडीयू और ओडीयू दोनों में किया गया है, जिससे कॉइल में जंग और रिसाव को रोका जा सके और लंबे समय तक एसी का जीवन बना रहे। कुछ अन्य अनोखी विशेषताओं में डिजीक्यू ऑक्टा सेंसर शामिल हैं, जो अद्वितीय सटीकता और विश्वसनीयता प्रदान करते हैं। इसके अलावा, 4-वे स्विंग और वाइड एंगल लूवर मूवमेंट के माध्यम से समान रूप से ठंडक का वितरण होता है और प्रिसीजन कूलिंग टेक्नोलॉजी से हर 0.5 डिग्री सेल्सियस पर तापमान सेट किया जा सकता है। इस रेंज में वायु शोधन के लिए उन्नत विकल्प भी उपलब्ध हैं, जैसे कि हेपा फिल्टर, पीएम 2.5 फिल्टर, और सक्रिय कार्बन के साथ एंटी-माइक्रोबियल फिल्टर, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि हवा न केवल ठंडी, बल्कि शुद्ध और साफभी हो। भारत में हर साल गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने के साथ, कंपनी ने उच्च प्रदर्शन वाली हेवी-ड्यूटी एसी की एक प्रभावशाली रेंज पेश की है। उन्नत और बेहतर खूबियों के साथ निर्मित ये एसी, 56 डिग्री सेल्सियस तक की भीषण गर्मी में भी उत्कृष्ट ठंडक और आराम प्रदान करते हैं। 55 फीट तक की शक्तिशाली एयर थ्रो के साथ ये एसी, 43 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर भी पूर्ण कूलिंग क्षमता बनाए रखते हैं, और इस तरह अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सकता है।

'हॉट एंड कोल्ड एसी' को पूरे साल आराम देने के लिए डिजाइन किया गया है। ब्लू स्टार ने एक ऐसा मॉडल विकसित किया है जो - 10 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर काम कर सकता है, जिसे खास तौर पर श्रीनगर जैसे बाजारों के लिए डिजाइन किया गया है। एक और रेंज को -2 डिग्री सेल्सियस तक के परिवेशी तापमान पर काम करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो देश के बाकी हिस्सों में कड़ाके की सर्दियों का सामना करने वाले स्थानों की जरूरतों को पूरा करता है। अंत में, कंपनी की एक ऐसी रेंज भी है जो आराम और स्वास्थ्य का संयोजन करती है-एंटी-वायरस टेक्नोलॉजी वाले एसीश। ये एसी हानिकारक सूक्ष्मजीवों और कण पदार्थों को प्रभावी ढंग से फिल्टर करते हैं। ग्राहक विशेष रूप से सर्दियों के दौरान इन एसी को एयर प्यूरीफायर के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं। ब्लू स्टार के एयर कंडीशनर, किफायती कीमतों पर भी उपभोक्ताओं को बेहतरीन ठंडक प्रदान करने के साथ-साथ अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता, विश्वसनीयता और मजबूती के लिए मशहूर हैं। कंपनी अपने इनवर्टर कंप्रेसर पर लाइफटाइम वारंटी, पीसीबी पर 5 साल की वारंटी और अपने उत्पादों के लिए आसान फाइनेंसिंग विकल्प प्रदान करती है। कंपनी ने 2011 में रेजिडेंशियल एसी सेगमेंट में कदम रखा था और तब से इस सेगमेंट में लगातार वृद्धि की है, हर साल उद्योग से बेहतर प्रदर्शन करते हुए। कंपनी का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2026 तक रूम एसी सेगमेंट में 14.3: बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। विराट कोहली ब्लू स्टार के रूम एसी के ब्रांड एंबेसडर बने हुए हैं और कंपनी की ब्रांड जागरूकता व प्रतिष्ठा बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। विराट कोहली को लेकर बनाए गए टीवी विज्ञापन, जो गर्मी को एक व्यक्तित्व के रूप में दर्शाते हैं, दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो चुके हैं। हाल ही में, कंपनी ने इसी थीम पर आधारित नए टीवी विज्ञापन टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किए हैं। कुल मिलाकर, आगामी गर्मी के मौसम में ब्लू स्टार विज्ञापन पर 50 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही है। लखनऊ में आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में प्रेस से बात करते हुए, ब्लू स्टार लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बी थियागराजन ने कहा, भारत में 2030 तक मध्यम वर्ग के लगभग 450 मिलियन उपभोक्ता जुड़ने वाले हैं, ऐसे दौर में रूम एसी का बाजार अपने महत्वपूर्ण मोड़ पर है और अगले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ने वाला है। आवास क्षेत्र के विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की दिशा में बढ़ता रुझान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में वृद्धि जैसे सकारात्मक पहलू भी उद्योग के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए तैयार हैं। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो 80 से अधिक वर्षों के एयर कंडीशनिंग विशेषज्ञता और मजबूत बाजार पकड़ द्वारा समर्थित है।

बढ़ती मांग का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए और दक्षताओं और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए हम आरएंडडी, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण निवेश करना जारी रखे हुए हैं। हमें विश्वास है कि सभी उपभोक्ता खंडों और मूल्य बिंदुओं को कवर करने वाले रूम एसी की हमारी व्यापक रेंज हमें बाजार की तुलना में तेज गति से बढ़ने में सक्षम बनाएगी।

## चौथे अंपायर से विवाद के लिए डीसी बॉलिंग कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच मुनाफ पटेल पर बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्होंने एक डिमेरिट अंक भी अर्जित किया है। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, मुनाफ पटेल ने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 अपराध को स्वीकार किया है - जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है - और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया है। इसमें कहा गया है, आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। यह घटना दिल्ली की गेंदबाजी के दौरान हुई जब चौथे अंपायर ने कथित तौर पर दिल्ली के रिजर्व खिलाड़ी को पटेल का संदेश देने के लिए मैदान में प्रवेश करने से रोक दिया। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज को बाउंड्री लाइन पर अपने फीते बांधते समय अंपायर से बहस करते देखा गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दिल्ली कैपिटल्स ने मिशेल स्टार्क के शानदार प्रदर्शन के बाद सुपर ओवर में रोमांचक जीत हासिल की। उन्होंने न केवल अंतिम ओवर में ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर के खिलाफ नौ रन बचाए, बल्कि सुपर ओवर में राजस्थान को 11 रन पर रोक दिया। केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने घरेलू टीम को जीत दिलाई और अरुण जेटली स्टेडियम में सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। स्टार्क को मैच में उनके शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने अपने चार ओवरों में 1-36 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि उन्होंने सुपर ओवर में दो रन आउट भी किये।

# कैरियर माइडिया इंडिया ने रश्मिका मंदाना को माइडिया एचवीएसी का ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया

भारतीय एयर कंडीशनिंग उद्योग में जानेमाने नाम कैरियर माइडिया इंडिया ने एचवीएसी कैटेगरी में अपने माइडिया ब्राण्ड के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। भारत में एयर कंडीशनिंग के प्रतिस्पर्धी बाजार में माइडिया एचवीएसी की स्थिति को मजबूत बनाना और मार्केटिंग के जरिए ब्राण्ड की पंहुच बढ़ाना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती डिस्पोजेबल आय और उर्जा दक्ष कूलिंग समाधानों पर बढ़ते फोकस के साथ भारत का एयर कंडीशनिंग सेगमेन्ट विकास के दौर से गुजर रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच सालों में यह सेक्टर अच्छी दर से विकसित होगा, जिससे विश्वस्तरीय एवं स्वदेशी प्लेयर्स के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इस साझेदारी पर बात करते हुए संजय महाजन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कैरियर माइडिया इंडिया ने कहा, ''भारत का एयर कंडीशनिंग उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और उपभोक्ता ऐसे ब्राण्ड्स की उम्मीद रखते हैं जो न सिर्फ उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लेकर आएं बल्कि उनके साथ भावनात्मक संबंध भी बनाएं।



माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ रश्मिका मंदाना की साझेदारी हमारी स्थिति को और मजबूत बनाएगी। इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए रश्मिका मंदाना ने कहा, माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, एक ऐसा ब्राण्ड जो सही मायनों में आज के घरों में स्मार्ट एवं प्रभावी कूलिंग का महत्व समझता है। बढ़ते तापमान और उर्जा की बढ़ती चिंता के बीच माइडिया के एयर कंडीशनर्स अपने आधुनिक तकनीक वाले समाधानों के साथ नए बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनने और इसके दृष्टिकोण को लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुँचाने को लेकर उत्साहित हूं। दीपेंद्र रेढ़ू, नेशनल सेल्स एण्ड मार्केटिंग हैड, कैरियर माइडिया इंडिया ने कहा, यह साझेदारी ऐसे समय में की गई है जब हमारा वितरण नेटवर्क बढ़ रहा है और हम अपनी कन्ज्यूमर आउटरीच को भी सशक्त बना रहे हैं। रश्मिका मंदाना के साथ जुड़ना निश्चित रूप से ब्राण्ड की विश्वसनीयता को और अधिक बढ़ाएगा और इस साल देश भर में हमारी पहुंच बढ़ाने में कारगर होगा। आलोक कोहली, हैड ऑफ मार्केटिंग, कैरियर माइडिया इंडिया ने कहा, आज के उपभोक्ता पारम्परिक विज्ञापन के दायरे से बढ़कर ब्राण्ड के साथ जुड़ते हैं और हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टीवी एवं डिजिटल कैंपेन के साथ हम सोशल माइडिया एक्टीवेशन्स, इन्फ्लुएंसर कोलाबोरेशन एवं इंटरैक्टिव कंटेंट के जरिए उपभोक्ताओं के साथ जुड़ना चाहते हैं। हमारा कैंपेन ब्राण्ड का अधिक उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा। उम्मीद करते हैं कि इस एसोसिएशन के परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं के साथ ब्राण्ड का रिश्ता और मजबूत होगा।

माइडिया एचवीएसी की कैंपन स्ट्रैटेजी में बेहद प्रभावशाली 360 डिग्री कैंपेन 'ये एयर कंडीशनर नहीं एआई कंडीशनर है' शामिल है, जिसमें रश्मिका मंदाना ब्राण्ड की आधुनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी, उर्जा दक्षता एवं स्मार्ट होम इंटीग्रेशन के बारे में बताएंगी। ब्राण्ड प्रमुख इलेक्ट्रोनिक स्टोर्स पर रीटेल डेमो जोन भी एक्टिवेट करेगा जहां उपभोक्ता प्रोडक्ट का लाईव अनुभव पा सकेंगे। इसके अलावा एचवीएसी ने टॉप डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स के साथ जुड़ने, सोशल माइडिया चैलेंजे लॉन्च करने और कस्टमर कॉन्टेस्ट शुरू करने की योजनाएं भी बनाई हैं। ये सभी प्रयास उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने एवं ब्राण्ड एंगेजमेन्ट में नए बेंचमार्क स्थापित करने के हमारे प्रयासों को दर्शाते हैं। वहीं दूसरी ओर साउथ और बॉलीवुड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना आज यानी की 5 अप्रैल को अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं। बीते साल रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा-2 ने सभी फिल्मों को पछाड़कर सबसे बड़ी सुपरहिट फिल्म का खिताब अपने नाम किया। वहीं एक्ट्रेस की फिल्म छावा भी सुपरहिट रही। अपने 9 साल के फिल्मी करियर में रश्मिका मंदाना ने साउथ और बॉलीवुड में 20 फिल्मों में काम किया है। रश्मिका मंदाना का जन्म 5 अप्रैल 1996 को कर्नाटक के कुर्ग में हुआ था। एक्ट्रेस ने इंग्लिश लिटरेचर, साइकोलजी और जर्नलिज्म में बैचलर ड्रिग्री ली। साल 2014 में रश्मिका ने कॉलेज के दिनों में क्लीन एंड क्लियर फ्रेश फेस का टाइटल जीता था। तभी डायरेक्टर ने रश्मिका मंदाना को क्लीन एंड क्लियर के एड में देखा और अपनी फिल्म किरिक पार्टी में ब्रेक दिया। यह फिल्म साल 2016 में आई थी। रश्मिका ने साउथ और बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने के लिए काफी संघर्ष किया है। एक समय ऐसा भी था, जब रश्मिका को पैसों की तंगी का सामना करना पड़ा था।

एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था, जब उनके पेरेंट्स को घर ढूंढने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। तब उनके पास किराए के पैसे भी नहीं हुआ करते थे। लेकिन पेरेंट्स ने अपनी बेटी की खुशी को समझा और सपनों की ऊंची उड़ान भरने की इजाजत दी। वहीं अब एक्ट्रेस के पेरेंट्स अपनी बेटी का सक्सेस ग्रॉफ देखकर उनको प्राउड फील होता है। बता दें कि साल 2018 में रश्मिका मंदाना ने चालो फिल्म के साथ तेलुगु डेब्यू किया था। इसी साल उन्होंने गीता गोविंदम में काम किया। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और इससे रश्मिका मंदाना को खूब शोहरत मिली। इसके बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा ने रश्मिका के फिल्मी करियर को खूब ऊंचाई दी। इस फिल्म के बाद रश्मिका को न सिर्फ साउथ बल्कि बॉलीवुड में भी दर्शकों का खूब प्यार मिला। रश्मिका मंदाना ने फिल्म गुडबाय से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। इसके बाद वह अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म मिशन मजनू में नजर आई थीं। वहीं साल 2023 में आई फिल्म एनिमल में एक्ट्रेस के किरदार को खूब सराहा गया था। अपने 9 साल के फिल्मी करियर में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इंडस्ट्री की सबसे अधिक फीस चार्ज करने वाली एक्ट्रेस में शुमार हो गई हैं। रश्मिका मंदाना भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में गीतांजलि का किरदार निभाने के लिए 4 करोड़ रुपये की मोटी रकम ली। अपनी झोली में इतने सारे रोमांचक प्रोजेक्ट्स के साथ, रश्मिका वर्तमान में पेशेवर मोर्चे पर सबसे अच्छे दौर से गुज़र रही हैं। अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पा 2 : द रूल, देव मोहन के साथ रेनबो, विक्की कौशल के साथ द गर्लफ्रेंड से लेकर छावा और धनुष के साथ कुबेर तक, रश्मिका मंदाना की फ़िल्मों की सूची वास्तव में काफी आशाजनक है। इसमें कोई शक नहीं है कि पूरे देश में उनके बहुत सारे प्रशंसक हैं और वे भारत की नेशनल क्रश के रूप में भी मशहूर हैं। अपनी फिल्मों से सुर्खियां बटोरने के अलावा, उनकी निजी जिंदगी भी लोगों को उत्सुक करती रहती है। लंबे समय से अफवाहें हैं कि उनका नाम विजय देवरकोंडा से जुड़ा है, क्योंकि दोनों को अक्सर साथ देखा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन सब से पहले, उनकी सगाई एक कन्नड़ अभिनेता से बहुत कम उम्र में हुई थी? यह सब 2016 में शुरू हुआ, जब मशहूर एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने अपनी फिल्म किरिक पार्टी में रक्षित शेट्टी के साथ रश्मिका मंदाना को कास्ट किया था। रोमांटिक कॉमेडी 30 दिसंबर, 2016 को रिलीज हुई और इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, किरिक पार्टी 4 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। रश्मिका के लिए यह एक ड्रीम डेब्यू था क्योंकि उन्होंने तुरंत दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। कई अवॉर्ड जीतने से लेकर कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बनने तक, किरिक पार्टी ने रश्मिका की जिंदगी बदल दी। किरिक पार्टी रश्मिका मंदाना की डेब्यू फिल्म थी और उनके दिल में एक खास जगह रखती है। हालांकि, इसकी शूटिंग के दौरान, वह अपने को-स्टार रक्षित शेट्टी के कुछ करीब आ गईं।

**रश्मिका मंदाना ने कहा, माइडिया एयर कंडीशनर्स के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, एक ऐसा ब्राण्ड जो सही मायनों में आज के घरों में स्मार्ट एवं प्रभावी कूलिंग का महत्व समझता है। बढ़ते तापमान और उर्जा की बढ़ती चिंता के बीच माइडिया के एयर कंडीशनर्स अपने आधुनिक तकनीक वाले समाधानों के साथ नए बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं।**

## मेरा परिवार ने ही मुझे बर्बाद किया, फूट-फूट कर रोईं रुपाली गांगुली की सौतेली बेटी ईशा वर्मा



अनुपमा एक्ट्रेस रुपाली गांगुली और उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। नवंबर 2024 में ईशा ने रुपाली गांगुली पर उनका परिवार तोड़ने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं ईशा ने रुपाली पर हैरेसमेंट के भी आरोप लगाए थे। इन सबके बाद एक्ट्रेस ने सौतेली बेटी पर 50 करोड़ का मानहानि का केस कर दिया था। अब ईशा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताया है कि रुपाली के खिलाफबोलने और उनका असली चेहरा दुनिया के सामने लाने पर क्या कुछ झेलना पड़ा है। आपबीती सुनाते हुए ईशा रो पड़ी।

ईसा ने 16 अप्रैल को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह बोलते-बोलते रो पड़ीं और कहा-आप जिस मुश्किल और दर्दनाक स्थिति से पब्लिकली गुजरते हैं, उसका असर किसी और पर पड़ता है। कुछ दिन आप ठीक रह सकते हैं और कुछ दिन आप पूरी तरह से टूट जाते हैं। बोलने की कोशिश करते हैं तो आपसे कड़े सवाल किए जाते हैं, जांच की जाती है। ईशा वर्मा ने कैप्शन में लिखा- श्मैं एक नेपो बेबी थी, जिसे छाया में रखा गया था। मैं चुप्पी, भ्रम और दर्द के साथ बड़ी हुई, जिसे सहना मेरा काम नहीं था। जब सच्चाई सामने आई, जैसी कि उम्मीद थी, तो मुझे ही दोषी ठहराया गया। मैं डरी हुई थी। मैं असुरक्षित थी। सपोर्ट करने के बजाय मुझे शर्मिंदा किया गया लेकिन महीनों के उत्पीड़न के बाद, मैं अपनी बात पर कायम हूं। ईशा वर्मा ने रुपाली पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी वजह से ही उनके पैरेंट्स का तलाक हुआ, और उन्हीं के कारण वह पिता से दूर हो गई। वहीं रुपाली गांगुली ने ईशा पर 50 करोड़ का मानहानि का केस किया था और नोटिस भेजा जिसमें कहा था कि ईशा के आरोपों के कारण उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट लेना पड़ा, और कई प्रोजेक्ट्स हाथ से निकल गए। :: एजेंसी

## होटल में ड्रग रेड : कमरे के दरवाजे पर खड़ी थी पुलिस खिड़की से फरार हुए मलयलाम स्टार शाइन टॉम चाको

मलयालम एक्टर शाइन टॉम चाको को लेकर हाल ही में एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि ड्रग रेड के दौरान शाइन टॉम चाको को कोच्चि के एक होटल से भागते हुए देखा गया। यह घटना बुधवार रात लगभग 11 बजे की है जब जिला एंटी-नारकोटिक स्पेशल एक्शन फोर्स ने एक गुप्त सूचना के आधार पर होटल में छापा मारा। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि पुलिस के दरवाजा खटखटाने पर शाइन ने दरवाजा नहीं खोला और जब अंदर मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने दरवाजा खोला तो शाइन तीसरी मंजिल की खिड़की से कूदकर भाग गए। पुलिस ने उनके कमरे और उनके पास की तलाशी ली लेकिन कोई अवैध वस्तु नहीं मिली। इस घटना के संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। यह घटना एक्ट्रेस विंसी एलोशियस द्वारा शाइन टॉम चाको पर फिल्म सूत्रवाक्यम की शूटिंग के दौरान नशे की हालत में अनुचित व्यवहार का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद सामने आई है। विंसी ने पहले बिना नाम लिए अपने अनुभव शेयर किए थे लेकिन बाद में उन्होंने औपचारिक शिकायत में शाइन का नाम लिया। वीडियो मैसेज में विंसी ने बताया, कुछ दिन पहले, मैंने एक नशा-विरोधी कार्यक्रम में कहा था कि मैं फिर कभी नशा करने वालों के साथ काम नहीं करूंगी। इस पर ऑनलाइन रिएक्शन देखने के बाद, मुझे लगा कि मुझे यह बताना चाहिए कि मुझे यह फैसला क्यों लेना पड़ा। मैं एक फिल्म में काम कर रही थी। वहां मेरी ड्रेस में कुछ समस्या थी। जब मैं अपनी ड्रेस ठीक करवाने जा रही थी, तब फिल्म का लीड एक्टर अचानक मेरे पास आया और जबरन मेरी ड्रेस ठीक करने लगा। यह बहुत ही अजीब और डरावना था। मैंने देखा कि उसके मुंह से कुछ सफेद पदार्थ वहीं टेबल पर गिरा। वह निश्चित तौर पर ड्रग्स था। :: एजेंसी

## दीपिका कक्कड़ की ननद सबा ने मुंबई में खरीदे 3 शानदार फ्लैट

फेमस टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ की ननद सबा इब्राहिम ने भले ही शोबिज की दुनिया में कदम नहीं रखा, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। उनकी शादी से लेकर मिसकैरिज और बच्चे होने की खबरों को लेकर वह खूब चर्चा में रहीं। वह यूट्यूब पर व्लॉगिंग के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वहीं, अब हाल ही में सबा भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली यूट्यूब फीमेल क्रिएटर्स में शामिल हो गई हैं। दीपिका कक्कड़ की ननद सबा इब्राहिम अपने यूट्यूब चौनल से हर महीने लाखों रुपये कमा रही हैं और इसी कमाई से उन्होंने मुंबई में 3 लग्जरी फ्लैट भी खरीद लिए हैं। ये फ्लैट्स न सिर्फमहंगे हैं बल्कि बेहद स्टाइलिश और मॉडर्न इंटीरियर्स से लैस हैं। सबा ने इन फ्लैट्स को अपनी यूट्यूब इनकम से खरीदा है। इसके साथ ही उन्होंने हाल ही में अपने घर का रीनोवेशन भी करवाया, जिसकी झलक उन्होंने अपने व्लॉग्स में भी दिखाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया इनसाइट्स के मुताबिक, सबा इब्राहिम की कुल संपत्ति यानी नेट वर्थ लगभग 17 करोड़ रुपये से अधिक है। :: एजेंसी

## मराठी भाषा विवाद पर शिव ठाकरे बोले किसी को मजबूर नहीं कर सकते

अभिनेता शिव ठाकरे ने महाराष्ट्र में चल रहे मराठी भाषा विवाद पर खुलकर बात की है। शिव ने कहा कि हम कभी भी किसी को जबरदस्ती कोई भाषा बोलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं। शिव ठाकरे से हाल ही में मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को मराठी बोलने के लिए मजबूर करने की घटनाओं पर अपने विचार साझा करने के लिए कहा गया। ठाकरे ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि आप किसी को मार कर या डांट कर किसी भाषा को बोलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। हालांकि, आपको उस जगह की भाषा सीखने का नजरिया रखना चाहिए, जहां आप रहते हैं और कमाई कर रहे हैं। अगर मैं विदेश जाता हूं, तो मुझे गूगल की मदद से चीजों का वहां की भाषा में अनुवाद करना होगा। इसलिए, इन चीजों के बारे में एक नजरिया होना चाहिए। ठाकरे का मानना है कि लोगों को मराठी बोलने के लिए मजबूर करने का तरीका गलत है, लेकिन इरादा सही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुंबई में रहने वालों को मराठी आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे दूसरे राज्यों में जाते हैं, तो वे वहां की भाषा सीखने की कोशिश करते हैं। ठाकरे ने कहा, अगर कोई आपकी भाषा नहीं बोलता है तो उसे मारना सही नहीं है। मुझे लगता है कि अगर मैं गुजरात या असम जैसी जगह पर जाता हूं, तो मैं उनकी स्थानीय भाषा में कुछ शब्द सीखने का प्रयास करूंगा ताकि स्थानीय लोगों को अच्छा लगे। :: एजेंसी

## फ्रिज को 24 घंटे में कितनी देर तक ऑन रखना चाहिए



जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे लोग फ्रिज का इस्तेमाल भी ज्यादा करने लगे हैं। कुछ लोग तो पूरे दिन फ्रिज को ऑन रखते हैं, ताकि खाने-पीने की चीजें खराब न हों।

लेकिन क्या आपको पता है कि ऐसा करना जरूरी नहीं होता और इससे आपका बिजली का बिल भी बढ़ सकता है? इस आर्टिकल में जानिए फ्रिज को कब और कैसे चलाना चाहिए ताकि सामान भी सुरक्षित रहे और बिजली की भी बचत हो। साधारण तौर पर लोग मानते हैं कि फ्रिज को दिन भर ऑन रखना जरूरी है, खासकर गर्मियों में। लेकिन ये पूरी तरह सही नहीं है। गर्मियों में तापमान ज्यादा होता है, इसलिए फ्रिज का काम भी बढ़ जाता है। फिर भी आपको बीच-बीच में थोड़ी देर के लिए फ्रिज को ऑफकरके उसे रेस्ट देना चाहिए। एक दिन में 2 से 3 बार, आप फ्रिज को 1 से 2 घंटे के लिए बंद कर सकते हैं। इससे फ्रिज को थोड़ी राहत मिलती है और बिजली की भी बचत होती है।

आजकल के फ्रिजों में कई ऐसे स्मार्ट फीचर्स आ रहे हैं जो बिजली की खपत को कम करते हैं। अगर आपके पास कोई एडवांस मॉडल का फ्रिज है, जिसमें इनवर्टर टेक्नोलॉजी या पावर सेविंग मोड है, तो आप उसे दिन भर भी चला सकते हैं। इन नए मॉडलों में ऑटोमैटिक कूलिंग कंट्रोल होता है, जिससे जरूरत के हिसाब से ही बिजली का इस्तेमाल होता है। अगर आप कुछ दिनों के लिए घर से बाहर जा रहे हैं चाहे छुट्टियों पर या किसी काम से, तो फ्रिज को बंद करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है, बशर्ते उसमें कोई जरूरी चीज स्टोर न हो। :: एजेंसी

# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### पर्यावरणीय चिंतायें आज

के सभी वर्गों को इस संकट के खिलाफ एकजुट होकर तत्काल और प्रभावी कदम उठाने का आह्वान किया।

### मेरठ में पत्नी

एक सपेरे से 1000 रुपये में वाइपर सांप खरीदकर लाया और उसे झोले में छिपाकर लाया। पूछताछ में पता चला कि रविता ने अमित का गला दबाकर उसकी हत्या की। इसके बाद शव को चारपाई से हटाकर नीचे रखा गया और सांप को शव के पास छोड़ दिया ताकि सर्पदंश से मौत का भ्रम पैदा हो। एसपी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अमित की मौत गला दबाने से हुई थी। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि सांप के काटने के निशान मृत्यु के बाद के थे। एसपी ने बताया, पुलिस जांच में सामने आया कि रविता और अमरदीप का एक साल से प्रेम संबंध था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं और टाइल्स लगाने का काम करते थे। इसी दौरान उनकी दोस्ती हुई और बाद में प्रेम संबंध बन गए।

### 'कश्मीर पर अब

कि दोनों राष्ट्र मौलिक रूप से अलग हैं, उन्होंने कहा कि उनके धर्म, रीति-रिवाज, परंपराएं, विचार और महत्वाकांक्षाएं हर संभव पहलू में भिन्न हैं। यह दृष्टिकोण द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को पुष्ट करता है, जिसने 1947 में पाकिस्तान के निर्माण की नींव रखी।

### राष्ट्रपति को निर्देश

दौरान मौलिक अधिकार लागू नहीं होंगे। फिर इस सिद्धांत का क्या हुआ? उन्होंने सवाल उठाया कि जब आपातकाल के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने नौ उच्च न्यायालयों के फैसलों को पलट दिया, तब 'बेसिक स्ट्रक्चर' सिद्धांत की रक्षा क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा, अब जज कानून बनाएंगे, कार्यपालिका की भूमिका निभाएंगे, संसद से ऊपर होंगे और उनके लिए कोई जवाबदेही नहीं होगी। हर सांसद और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है, लेकिन जजों पर यह लागू नहीं होता। धनखड़ ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि जनता इन सवालों को नहीं उठाती और उन्हें गुमराह करने वाली कथाएं परोसी जाती हैं।

### दाऊदी बोहर समुदाय

कि यह संशोधन समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ वक्फ संपत्तियों से जुड़ी व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा। साथ ही न केवल दाऊदी बोहरा बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी साबित होगा।

### यमुना की सफाई

सफाई करने पर चर्चा हुई। अल्पकालिक गतिविधियां 3 महीने में, मध्यम अवधि की गतिविधियां 3 महीने से डेढ़ साल और दीर्घकालिक गतिविधियां डेढ़ साल लेकर 3 साल। इस दौरान ड्रेन मैनेजमेंट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज मैनेजमेंट, सेप्टेज और डेयरी वेस्ट मैनेजमेंट, इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट, अपशिष्ट जल उपचार बुनियादी ढांचे की कमी की पहचान और निगरानी उपाय, यमुना नदी में प्रवाह में सुधार, बाढ़ के मैदानों की सुरक्षा, ग्रीन रिवर फ्रंट डेवलपमेंट और पब्लिक आउटरीच सभी पर तय समय सीमा के साथ चर्चा की गई।

### वक्फ कानून : कोर्ट

की संशोधित धारा 9 और 14 के तहत परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। अगली सुनवाई की तारीख तक, वक्फ जिसमें पहले से पंजीकृत या अधिसूचना द्वारा घोषित वक्फशामिल हैं, को न तो डिनोटिफाई किया जाएगा और न ही कलेक्टर द्वारा इसमें कोई बदलाव किया जाएगा। हम इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने देश में सड़क सुरक्षा बोर्ड के कार्यों पर जताई नाराजगी :** सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में बढ़ते सड़क हादसों में घायलों को समय से इलाज और मुआवजा मिलने की घटती संख्या पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड केवल कागजों तक सीमित रह गया है। कोर्ट ने कहा कि अब तक इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भी नहीं हुई है। सरकार की उदासीनता को लेकर दूसरा मुद्दा यह भी है कि बोर्ड की सिफारिशों को लागू करने की प्रक्रिया क्या होगी ! यह अब तक स्पष्ट नहीं है। कोर्ट की इस टिप्पणी पर सफाई देते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि बोर्ड के इन पदों को भरने के लिए विज्ञापन 2019 में जारी किया गया था। नियुक्तियों को मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित किया जाना था। लेकिन अब तक कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला।

### जनता दर्शन में

सीएम आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुबह 10 बजे से कार्यालय में बैठें और जनशिकायतें सुनें। उन्होंने कहा कि स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए और जो समस्याएं शासन स्तर की हों, उन्हें ही यहां भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ितों को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल, प्रमुख सचिव (गृहध्मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार समेत कई आलाधिकारी मौजूद थे।

### पहले यूपी के

मुख्यमंत्री ने पूर्वी यूपी में इंसेफेलाइटिस जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों में इस बीमारी से 50,000 बच्चों की मौत हुई, इनमें से ज्यादातर बच्चे अल्पसंख्यक समाज के होते थे, लेकिन किसी नेता के आंसू नहीं बहे। विपक्ष ने कभी इंसेफ्लाइटिस बीमारी पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि बच्चे वोट बैंक नहीं होते। पहले श्वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफियाश् होते थे, आज वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज हैं और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। सीएम योगी ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उदाहरण देते हुए बताया कि 2016 में बिना किसी तैयारी के इसका शिलान्यास कर दिया गया, तब 15,200 करोड़ रुपए का यह प्रोजेक्ट अनियमितताओं से भरा था। हमारी सरकार ने इसे रद्द कर दोबारा से प्रोजेक्ट को डिजाइन किया और पूरी परियोजना को केवल 11,800 करोड़ रुपए में पूरा किया, जिससे जनता के पैसे की लूट रोकी गई। यह वही पैसा है, जिसे लूटकर इंग्लैंड में होटल बनते हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर शिवाजी, महाराणा प्रताप और राणा सांगा जैसे महापुरुषों का अपमान करने और औरंगजेब, बाबर और जिन्ना जैसे राष्ट्र को तोड़ने वालों का महिमामंडन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग वोट बैंक के लिए प्रोपगंडा करते हैं और समाज में विद्वेष फैलाते हैं। हमें एक समृद्ध यूपी, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए राष्ट्रनायकों का सम्मान करना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री के पंचप्रण का एक संकल्प यह भी है कि राष्ट्रनायकों का हमें सम्मान करना है।

### सोनिया और राहुल

और सोनिया गांधी आधुनिक डकैत हैं। ये नेशनल हेराल्ड डकैती का मामला है। आरोप पत्र में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, अन्य व्यक्तियों और फर्मों का भी नाम है। मामले में बहस 25 अप्रैल को होगी। यह मामला भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा कांग्रेस नेताओं और उनसे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ दायर की गई शिकायत पर आधारित है। इससे पहले गौरव भाटिया ने एक तीखे संबोधन में व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और गांधी परिवार पर हमला बोला और उन्हें वंशानुगत भ्रष्ट व्यक्ति करार दिया। यह बयान गुरुग्राम भूमि मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वाड्रा से पूछताछ के बीच आया है। मीडिया को संबोधित करते हुए भाटिया ने वाड्रा को भू-माफिया करार दिया, जिन पर किसानों की जमीनों को गलत तरीके से हड़पने का आरोप है। इसके अलावा, उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड घोटाले, सोनिया गांधी को वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले और दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी को बोफोर्स घोटाले से जोड़ते हुए उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया।

### आंधी, बारिश से

पहुंचे। जहां ज्योति व शिवम को मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी ने बताया कि 25 बकरियों की भी मौत हो गई है। उधर, दरियाबाद के अलियाबाद में दीवार गिरने से चंदू कुमार की पत्नी फूलन देवी (60) गंभीर रूप से घायल हो गई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई मौतों की जानकारी मिली है राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया है। पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को जो नुकसान हुआ उसका भी राजस्व टीम से आंकलन कराया जाएगा।

रामनगरी में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने जिले के कई इलाकों में कहर बरपा दिया। अलग-अलग हादसों में पांच महिलाओं की मौत हो गई। इस दौरान तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया। कई स्थानों पर पोल गिरने से बिजली गुल हो गई। गेहूं और आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। भेलसर व सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार महोली के सैदपुर गांव में तीन महिलाएं आंधी व बारिश से बचने के लिए ट्रैक्टर ट्राली के नीचे बैठी थीं। इस बीच ट्राली पलट गई और इसके नीचे दबकर गांव की ही निवासी ललिता (27), पूजा (19) व कमला (28) की मौत हो गई। इनमें ललिता और पूजा सगी बहन बताई जा रही हैं। यह सभी ट्राली में भूसा भर रही थीं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान के साथ रुदौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने इसकी पुष्टि की है। इसी तरह रौनाही टोल प्लाजा के पास जिगना मिसिर का पुरवा गांव के पास धन्नीपुर के बुधौलिया निवासी दीपा यादव (32) गेहूं की कटाई कर रही थीं। आंधी से बचने के लिए टीन शेड में छिप गई। इसकी दीवार गिरने से मलबे की चपेट में आने से उनकी भी मौत हो गई।

### एयरो इंजन का

विमानवाहक युद्धपोत (आइएनएस विक्रांत), ड्रोन, साइबर डिफेंस और हाइपरसोनिक प्रणालियों के क्षेत्र में भारत विकसित देशों से मुकाबला कर रहा है। वह दिन अब दूर नहीं जब भारत नासिर्फ एक विकसित देश के रूप में उभरेगा बल्कि हमारी सैन्य शक्ति भी दुनिया में नंबर एक पर होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये के पार हो जाने वाली है जबकि वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों के निर्माण का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा निर्माण क्षमताएं बढ़ाने का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता को बढ़ावा देना है। हमारे रक्षा निर्यात इस साल 30 हजार करोड़ रुपये होने की उम्मीद है जबकि 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात होने का लक्ष्य है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि व्यापारिक रोकटोक और टैरिफ-वार के चलते विदेशी उपकरणों के पुर्जों के लिए विदेश पर निर्भरता की परेशानियां सामने ला दी हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# मथुरा में देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध : जयवीर सिंह

## मथुरा में श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाओं के लिए दर्जन भर परियोजनाएं स्वीकृत

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 21821 लाख रुपये की 12 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार अवस्थापना सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्णय लिया है। ये परियोजनाएं राज्य सेक्टर एवं तीर्थ विकास परिषद के अंतर्गत आती हैं। पर्यटन विभाग मथुरा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्य तथा प्रमुख स्थलों के पर्यटन विकास का कार्य करा रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

इन परियोजनाओं में प्राचीन शिव मंदिर फरह मथुरा के पर्यटन विकास के लिए 678.8 लाख रुपये, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड इम्प्रूवमेंट-साइनेज के लिए 2099 लाख रुपये, यमुना नदी के घाटों के विकास के लिए 4366 लाख रुपये, तहसील सदर के अन्दर ग्राम जचौंदा में विकास कार्यों के लिए 1833 लाख रुपये तथा वृंदावन परिक्रमा मार्ग के अवशेष भाग एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा आदि के लिए 2201 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। विधायक बलदेव विधानसभा क्षेत्र पूरन प्रकाश के प्रस्ताव पर यमुना घाट, अक्रूर घाट, देवरहा बाबा घाट, केसी घाट, माटरोड घाट, जुगलकिशोर घाट पर क्रूज टूरिज्म सर्विस के अंतर्गत वृन्दावन से मथुरा तक तटवर्ती सुविधाओं के विकास कार्य के लिए 673.4 लाख रूपये, वृन्दावन में टूरिस्ट सुविधा के लिए मल्टीलेबल कार पार्किंग का विकास कार्य हेतु 3553 लाख रूपये, इसका प्रस्ताव सांसद हेमामालिनी ने किया था। बरसाना में रॉकोली, रोपानी गांव में पहाड़ी पर फेसिंग कार्य के लिए 211.3 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसका प्रस्ताव ओम प्रकाश सिंह विधान परिषद सदस्य ने किया था। मथुरा की सांसद हेमामालिनी के प्रस्ताव पर बरसाना स्थित राधा बिहारी इंटरकालेज टूरिस्ट फैसीलिटेशन सेंटर की परियोजना हेतु 1773.4 लाख रूपये तेजबीर सिंह सांसद सदस्य राज्यसभा व श्रीकांत शर्मा विधायक के प्रस्ताव पर वृन्दावन स्थित टूरिस्ट फैसीलिटेशन सेंटर बिल्डिंग के विस्तार कार्य हेतु 3359 लाख रूपये, तेजवीर सिंह सदस्य राज्यसभा के प्रस्ताव पर देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण हेतु 600 लाख रूपये तथा मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा के प्रस्ताव पर वृन्दावन व बरसाना के प्रमुख मार्गों पर लाइटिंग हेतु 476.4 लाख रूपये की स्वीकृत प्रदान की गयी है।

**नाथ कॉरिडोर के मंदिरों एवं स्थलों के विकास हेतु 6676.21 लाख की 13 परियोजनायें स्वीकृत :** नाथनगरी बरेली में पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6676.21 लाख रूपये की 13 परियोजनाओं की मंजूरी प्रदान की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को बुनियादी सुविधायें सुलभ कराना है। प्राचीन मंदिरों, नाथ कॉरिडोर आदि का पर्यटन विकास करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इनमें नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत अलखनाथ मंदिर का 1167 लाख रूपये की लागत से पर्यटन विकास कार्य, तुलसीमठ का 971 लाख रूपये से पर्यटन विकास कार्य, तापेश्वरनाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 836.9 लाख रूपये, नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत त्रिवटीनाथ मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 655.6 लाख रूपये तथा नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत पशुपतिनाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 298.9 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत धोपेश्वरनाथ मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 771.7 लाख रूपये, कॉवड़ यात्रा स्थलों के विकास के लिए 401.9 लाख रूपये, नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत साइनेज की स्थापना आदि के लिए 497.7 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। यह कार्य आयुक्त बरेली मण्डल के प्रस्ताव पर स्वीकृत किये गये हैं। बरेली अपने मंदिर समूहों के लिए विख्यात है। यहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। राज्य सरकार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर अवस्थापना सुविधा देने के लिए कटिबद्ध है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि डा एमपी आर्य विधायक के प्रस्ताव परविधानसभा नवाबगंज में भगवान शिवमंदिर के पर्यटन विकास हेतु 108.6 लाख रूपये, डा राघवेन्द्र शर्मा विधायक विथरी चौनपुर में रामगंगा घाट के किनारे लेटे हुए हनुमान जी का पर्यटन विकास हेतु 93.61 लाख रूपये, डा डीसी वर्मा विधायक मीरगंज विधानसभा में स्थित मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 108.9 लाख रूपये तथा कुंवर महराज सिंह सदस्य विधान परिषद के प्रस्ताव पर भोजीपुरा में प्राचीन शिवमंदिर के पर्यटन विकास के लिए 181.5 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

**दिव्यांग बच्चों ने सीखे 'अल्पना' कला के गुर :** अयोध्या में 'अल्पना' चित्रण कार्यशाला के कल पहले दिन दिव्यांग बच्चों ने अपनी कला से सभी को चकित कर दिया। इस कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश लोक कला एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग एवं वाणी विकलांग सेवा संस्थान श्रृंगारहाट, अयोध्या द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में बच्चों ने 'अल्पना' कला के बारे में सीखा, जो भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोककला की प्रतीक मानी जाती है। बच्चों को प्रशिक्षण दे रहीं समाजसेविका वाणी शुक्ला ने बताया कि अल्पना रंगोली को आधुनिक तरीके से सिखाया जा रहा है और इस तरह की कार्यशाला अयोध्या में पहली बार आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका नीलम श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



- परियोजनाओं में प्राचीन शिव मंदिर फरह मथुरा के पर्यटन विकास के लिए 678.8 लाख रुपये, गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फसाड इम्प्रूवमेंट-साइनेज के लिए 2099 लाख रुपये, यमुना नदी के घाटों के विकास के लिए 4366 लाख रुपये, तहसील सदर के अन्दर ग्राम जचौंदा में विकास कार्यों के लिए 1833 लाख रुपये तथा वृंदावन परिक्रमा मार्ग के अवशेष भाग एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा आदि के लिए 2201 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

इस अवसर पर कार्यशाला के बारे में मुख्य अतिथि ने बच्चों को अपनी आशीष देते हुए कहा कि मुझे बहुत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि अयोध्या में इस तरह का आयोजन हुआ है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन कार्यशालाओं का उद्देश्य समाज के विशेष बच्चों को आगे बढ़ाना एवं उन्हें रोजगार परक बनाना है। इस कार्यशाला के माध्यम से हम बच्चों को उनकी जड़ों, परंपराओं, लोक कलाओं और विलुप्त हो रही कलाओं से परिचित करवा रहे हैं। बच्चों के जोश और उत्साह को देखकर उन्होंने कहा कि राज्य भर में इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि हर बच्चा अपनी प्रतिभा को पहचान सके और उसे आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त कर सके।'सृजन' ग्रीष्मकालीन कार्यशाला न केवल पारंपरिक कला को संरक्षित करने का कार्य कर रही है, बल्कि नए और होनहार कलाकारों को अपनी कला के प्रदर्शन का प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रही है।

प्रत्येक नवोदित कलाकार और इच्छुक प्रतिभागी की प्रतिभा के संवर्धन के लिए ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं।कार्यशाला कराने के इच्छुक विद्यालय अथवा महाविद्यालय लोक उत्तर प्रदेश लोक कला एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र जवाहर भवन, नवम तल, अशोक मार्ग, लखनऊ के पते पर भेजे जा सकते हैं। यह कार्यशाला निःशुल्क है।

**विरासत संपत्तियों के संरक्षण व संवर्धन के साथ कल्चर, कुजीन, हस्तशिल्प को बढ़ावा :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की ऐतिहासिक विरासतों को नया जीवन देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग अब 11 और विरासत संपत्तियों को एडाप्टिव रियूज के तहत विकसित करने जा रहा है। निजी निवेशकर्ताओं की सहभागिता के लिए गुरुवार को निविदा जारी की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन ऐतिहासिक किलों, महलों और हवेलियों के संरक्षण व पुनः उपयोग की इस योजना का उद्देश्य न केवल इन धरोहरों को सहेजना है, बल्कि राज्य की संस्कृति, स्थानीय व्यंजन और हस्तशिल्प को भी बढ़ावा देना है।

विरासत संपत्तियों के नजदीक स्थित एक-एक गांव को गोद लेकर वहां का विकास किया जाएगा।विभाग के इस पहल से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सहायता मिलेगी। उ0प्र0 पर्यटन विभाग की इस योजना से प्रदेश के पर्यटन को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटन से जोड़ने की दिशा में सक्रिय पहल कर रही है। प्रदेश में अनेक किले, महल और हवेलियां मौजूद हैं, जिन्हें विरासत के साथ विकास मिशन के तहत और अधिक आकर्षक उपयोगी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। सरकार की पर्यटन नीतियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी पीपीपी मॉडल पर आधारित हैं। इन धरोहर स्थलों को हेरिटेज होटल, सार्वजनिक संग्रहालय पब्लिक म्यूजियम कॉम्प्लेक्स व आयोजन केंद्र आदि के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य इन ऐतिहासिक स्थलों को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि उन्हें आज के दौर की जरूरतों के अनुसार उपयोगी बनाना है। सरकार ने राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को 11 हेरिटेज प्रॉपर्टीज के विकास के लिए निविदा जारी की गई है। इन स्थलों में 1857 की क्रांति से जुड़ा टहरौली किला झांसी प्रमुख है। यह किला झांसी की ऐतिहासिक विरासत का अहम हिस्सा रहा है।

महोबा जिला स्थित मस्तानी महल, जो पेशवा बाजीराव प्रथम की पत्नी मस्तानी से जुड़ा है, जो अपने अनोखे स्थापत्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए विख्यात है। इसी जिले में सेनापति महल, कुलपहाड़ भी शामिल है, जिसकी भव्य वास्तुकला अतीत की शाही जीवनशैली की झलक प्रस्तुत करता है। ललितपुर जिले का बालाबेहट किला भी इस सूची में है, जो अपनी सामरिक स्थिति और स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। इसी तरह रंगगढ़ किला बांदा, जो कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। इसकी स्थापत्य कला बेजोड़ है। इसी तरह वजीरगंज की बारादरी गोंडा, जो कि मुगल कालीन बारादरी शैली में निर्मित यह स्मारक अपने 12 दरवाजों और भव्यता के लिए जाना जाता है। आलमबाग भवन लखनऊ, जो कि नवाब वाजिद अली शाह द्वारा निर्मित यह भवन मुगल और औपनिवेशिक स्थापत्य का अद्भुत मिश्रण है। गुलिस्तान-ए-इरम और दर्शन विलास लखनऊ, ये दोनों इमारतें शानदार बागों और बारीक वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है।पर्यटन विभाग ने पहले चरण में ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी निवेशकों के साथ मिलकर कार्य शुरू किया है। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा नीमराना होटल्स प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान के साथ बरुआसागर किला झांसी, गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्रा.लि. राजस्थान के साथ चुनार किला मिर्जापुर, छतर मंजिल और कोठी रोशन-उद-दौला लखनऊ तथा रेडवुड होल्डिंग एंड रियल्टी सर्विस प्रा. लि. बेंगलुरु के साथ कानपुर देहात में शुक्ला तालाब के निकट बारादरी विकास के लिए कंसेशन एग्रीमेंट किया गया है। राज्य ऐतिहासिक विरासतों में समृद्ध है। यहां विरासत पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बुंदेलखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थलों का पुनरुद्धार उनकी मूल भव्यता को बनाए रखते हुए किया जाएगा।

राज्य सरकार इन धरोहर स्थलों को संरक्षित करने और उन्हें पुनः उपयोगी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इन प्रयासों से न केवल सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण होगा, बल्कि राज्य की आर्थिक आय के स्रोत भी सुदृढ़ होंगे।

# देश-विदेश डायरी

## कोविड की त्रासदी से सबक, डब्ल्यूएचओ देशों ने महामारी संधि के लिए मिलाया हाथ



**लंदन, एजेंसी।** कोविड-19 महामारी के कारण राष्ट्रीय लॉकडाउन, आर्थिक अनिश्चितता और लाखों लोगों की मौत के पांच साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक मसौदा 'महामारी संधि पर सहमति व्यक्त की है। यह 'महामारी संधि इस बात के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करती है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अगले वैश्विक स्वास्थ्य संकट का सामना कैसे कर सकता है। जिनेवा में अगले महीने संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी की वार्षिक बैठक में अपनाए जाने वाले समझौते पर बुधवार की सुबह वार्ता को अंतिम रूप दे दिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण घोषित करते हुए कहा कि देशों ने साबित कर दिया है कि ''हमारी विभाजित दुनिया में, राष्ट्र अब भी एक सामान्य आधार और साझा प्रतिक्रिया खोजने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। जनवरी में डब्ल्यूएचओ से अपने देश को वापस लेने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद अमेरिकी अधिकारियों को वार्ता में भाग लेने से रोक दिया गया था और उनसे संधि पर हस्ताक्षर की उम्मीद नहीं है। कोविड-19 के दौरान मुख्य रूप से अमेरिकी अनुसंधान और विकास के बूते ही सबसे प्रभावी टीके और दवाइयां तैयार की गईं। ट्रंप के फैसले के कुछ हफ्ते बाद अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के साथ 'गंभीर मतभेदों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएचओ से बाहर चले गए। 'ड्रग्स फॉर नेग्लेक्टेड डिजीज इनिशिएटिव नामक समूह की राचेल क्रॉकेट ने समझौते की सराहना की। उन्होंने कहा कि मसौदा समझौते में असरदार प्रावधान हैं, लेकिन ये केवल तभी कारगर होंगे जब देश उन्हें लागू करना चाहेंगे।

## रिश्तों पर सियासत का वार! अफगान पति के लिए भटक रही पाकिस्तानी महिला

**पेशावर, एजेंसी।** अफगान नागरिक से शादी करने वाली एक पाकिस्तानी महिला ने बृहस्पतिवार को पेशावर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पाकिस्तान से अफगान नागरिकों के निर्वासन को चुनौती दी। पाकिस्तान ने जनवरी में घोषणा की थी कि सभी अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च तक देश छोड़ देना चाहिए, अन्यथा उन्हें निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। अधिकारियों ने इस श्रेणी में आने वाले लोगों को निष्कासित करने के लिए एक अप्रैल से अभियान शुरू किया था। रेशमा ने अपनी याचिका में कहा कि उसकी शादी अफगान नागरिक तारिक खान से हुई है और उनके चार बच्चे हैं। उसने अदालत से अनुरोध किया कि वह सभी अफगान नागरिकों को निष्कासित करने संबंधी पाकिस्तान सरकार की नीति को निरस्त घोषित करे। रेशमा ने अपनी याचिका में कहा कि सरकार उसके पति को अफगानिस्तान निर्वासित करना चाहती है, इसलिए संबंधित अधिकारियों को उसके पति को पाकिस्तानी मूल कार्ड (पीओसी) जारी करने और उसके निर्वासन को रोकने का निर्देश दिया जाना चाहिए। अदालत रिट याचिका पर अगली सुनवाई 24 अप्रैल को करेगी।

## इनकम टैक्स खत्म कर देंगे, टैरिफ से कैसे मालामाल होगा अमेरिका, ट्रम्प ने दिया जवाब

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित कई देशों पर रेसिप्रोक टैरिफ लगाया है। चीन पर तो ट्रंप ने अमेरिकी 245 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला कर दिया है। ट्रंप के इस फैसले से अमेरिका और चीन के बीत ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। ट्रंप का नजरिया है कि रेसिप्रोकल टैरिफ और अन्य प्रकार के टैरिफ से अमेरिका को जबरदस्त फायदा होने वाला है। इतना ही नहीं टैरिफ की वजह से अमेरिका के राजस्व में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी, जिसकी वजह से अमेरिका में इनकम टैक्स को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। अमेरिकी न्यूज चैनल फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने टैरिफ पॉलिसी पर अपनी सरकार की पीठ थपथाई। उन्होंने कहा कि टैरिफ से इतनी कमाई हो सकती है कि हम इनकम टैक्स को पूरी तरह से खत्म कर सकते हैं। इसकी पूरी-पूरी संभावना है कि टैरिफ से होने वाली बेतहाशा कमाई की वजह से हम इनकम टैक्स को खत्म कर दें। उन्होंने आगे कहा कि हम टैरिफ से इतना राजस्व कमा सकते हैं कि इनकम टैक्स को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 1870 से 1913 के बीच टैरिफ ही सरकार की आय का मुख्य स्रोत था और इस दौरान हमने टैरिफ से इतना पैसा कमाया कि हम सबसे अमीर देश बन गए थे। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स को खत्म कर अमेरिकी नागरिकों पर टैक्स के बोझ को कम किया जा सकेगा।

# छोटा इमामबाड़ा से बड़ा इमामबाड़ा तक चलेंगे तांगा



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को हुसैनाबाद इलाके में विकसित किए जा रहे हेरिटेज जोन के कामों का निरीक्षण किया। फ्रेगरेंस पार्क, म्यूजियम ब्लॉक, फूड कोर्ट, लजीज गली, गुलाब पार्क और नींबू पार्क परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घंटाघर के पास सामूहिक पार्किंग एरिया का निरीक्षण किया। बड़ा इमामबाड़ा से छोटा इमामबाड़ा तक का पैदल राहगीर, ई-रिक्शा और तांगे के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त सबसे पहले फ्रेगरेंस पार्क पहुंचीं। उन्होंने पार्क में चल रहे कामों की समीक्षा की। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पार्क में एक कैफेटेरिया एवं इंटरप्रेटेशन सेंटर बनाया जा रहा है। इसमें इत्र बनाने की प्रक्रिया और फूलों की विभिन्न सुगंधों की जानकारी दी जाएगी। मंडलायुक्त ने साईनेज, लाइटिंग, मूर्तिकला एवं लैंडस्केपिंग के कामों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि पार्क जनता के लिए जल्द खोला जा सके। मंडलायुक्त ने हुसैनाबाद म्यूजियम ब्लॉक स्थित टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया।

प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह सेंटर एक विशेष कैंटीलीवर व्यू पॉइंट से युक्त होगा, जिससे पर्यटक समस्त हेरिटेज क्षेत्र को देख सकेंगे। मंडलायुक्त ने एक महीने में इसका काम पूरा करने के निर्देश दिए है। फूड कोर्ट में मिलेगा लखनवी स्वादमंडलायुक्त ने फूड कोर्ट में लखनऊ की पारंपरिक पाक शैली को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय शाकाहारी, मिष्ठान्न एवं प्रसिद्ध व्यंजनों को भी सम्मिलित करने का निर्देश दिया, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को लखनवी स्वाद मिले। लजीज गली के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस क्षेत्र का समस्त स्ट्रक्चर हेरिटेज स्टाइल में होना चाहिए। नींबू पार्क में बंद पाए गए फव्वारों को तत्काल शुरू करने, आकर्षक फेसाड लाइटिंग, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, हेरिटेज कैफेटेरिया एवं बेहतर लैंडस्केपिंग कराने के निर्देश दिए।

# गन्ना किसानों की खुशहाल हुई जिंदगी इथनॉल उत्पादन को भी मिला बढ़ावा

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** योगी सरकार के गन्ना किसानों के हित में किए गए सतत प्रयासों ने उनकी जिंदगी को एक नई दिशा दी है। जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल पंजीकृत 65 लाख गन्ना किसानों और 46.5 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता किसानों को सरकार ने कई तरह से लाभ पहुंचाया है।

पिछली सरकारों के कार्यकाल में गन्ना किसानों की हालत बेहद खस्ता थी।प्रदेश में 45 जिलों में 122 चीनी मिलें संचालित हैं, जिनमें से 96 निजी, 23 सहकारी और 3 निगम क्षेत्र की हैं। इनके साथ 285 खाण्डसारी इकाइयां और 65 कोजन इकाइयां भी कार्यरत हैं। योगी सरकार ने 52 मिलों को आधुनिकीकरण करने का भी कार्य किया है। करीब 8 हजार किलो लीटर प्रतिदिन की क्षमता के साथ इथनॉल उत्पादन को सरकार ने बढ़ावा दिया। चीनी उद्योग ने 8 लाख 50 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी प्रदान किया है।पिछली सरकार के कार्यकाल वर्ष 2016-17 के मुकाबले योगी सरकार के कार्यकाल में गन्ना क्षेत्रफल में 43 प्रतिशत, गन्ना उत्पादकता में 16 प्रतिशत और गन्ना उत्पादन में 68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। देश के गन्ना क्षेत्रफल का 49 प्रतिशत, गन्ना उत्पादन का 49 प्रतिशत और चीनी उत्पादन का 33 प्रतिशत अब उत्तर प्रदेश से होता है। राज्य में गन्ना उत्पादन में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले गन्ना किसानों को 1,200 करोड़ की अतिरिक्त आय भी योगी सरकार में हुई है।वर्तमान सरकार द्वारा अब तक 2.80 करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है, जो कि 1995 से मार्च 2017 तक के 22 वर्षों में हुए भुगतान से करीब 66 करोड़ अधिक है। 2024-25 में 1.09 लाख करोड़ का जीवीए का भी योगदान दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री के दिशानिर्देशन में 158 सहकारी गन्ना समितियों, 27 सहकारी चीनी मिल समितियों और 152 गन्ना विकास परिषदों के माध्यम से गन्ना किसानों को लगातार लाभ पहुंचाया जा रहा है। पिछली सल सरकारों के दौरान गन्ना किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। उस समय न तो गन्ना मूल्य भुगतान समय पर होता था और न ही चीनी मिलों का आधुनिकीकरण किया गया। किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती गई। इसके विपरीत, योगी सरकार ने गन्ना किसानों के हित में ठोस कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। योगी सरकार के इन प्रयासों से गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान हुआ है।

- पहले आपूर्ति से लेकर भुगतान तक आती थी दिक्कतें

# गोरखपुर में मुख्यमंत्री आज करेंगे सबसे बड़े रैन बसेरे का शिलान्यास

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर में बनने जा रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े रैन बसेरे का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 18 अप्रैल को करेंगे। यहां पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया के सौजन्य से 44 करोड़ रुपये की लागत से 500 लोगों की क्षमता का रैन बसेरा बनेगा।

गोरखपुर शहर पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों और सीमावर्ती बिहार तथा पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और कारोबार के लिए महत्वपूर्ण केंद्र हैं। प्रतिदिन यहां बड़ी तादाद में ऐसे लोग आते हैं जिन्हें किन्हीं जरूरी कारणों से रात्रि प्रवास करना पड़ता है। रात्रि प्रवास करने वालों में सबसे अधिक संख्या इलाज के लिए आने वालों की होती है। ऐसे लोगों में आर्थिक रूप से कमजोर लोग रैन बसेरों में शरण लेते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ का जोर रैन बसेरों की संख्याध्क्षमता बढ़ाने और वहां जरूरी सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर रहा है। इसके लिए समय-समय पर वह खुद कई रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा भी लेते हैं। वर्तमान समय में नगरीय क्षेत्र में 14 रैन बसेरे संचालित हैं जिनकी कुल क्षमता 667 लोगों की है। इनमें से 13 का संचालन नगर निगम और एक का संचालन एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा किया जा रहा।